# GORAKHPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# मासूम को लेकर भाग रहे आरोपी को देवरिया जीआरपी ने पकड़ा

गोरखपुर(एसएनबी)। सोमवार को गुलरिहा इलाके के पादरी वाजार स्थित नंद नगर कालोनी में आपने साली के घर आये सीताराम ने मासूम वच्चे को दुकान पर कुछ खिलाने के वहाने लेकर निकला और वहां से देवरिया पहुंच गया। वच्चे की मां ने वेटे की तलाश की लेकिन वह नहीं मिला जिसके वाद पुलिस को तत्काल गायव होने की जानकारी दी। पुलिस की छानवीन में यह पता चला कि सीताराम वच्चे को लेकर देवरिया चला गया। जीआरपी देवरिया ने वच्चे सहित सीताराम को पकड़ लिया।



मासूम के रिश्ते में मौसा है आरोपित सीताराम

सुबह आया था नंदनगर कालेनी साली के घर, साथ लेकर हो गया फरार

पादरी वाजार प्रतिनिधि के मुताविक पादरी वाजार स्थित नंद नगर कालोनी निवासिनी सरोज गुप्ता का ढाई वर्षीय पुत्र आदर्श गुप्ता सोमवार की सुवह घर के पास से रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया। आदर्श के पिता दीपक गुप्ता का एक साल पहले निधन हो चुका है। सरोज देवी अपने पुत्र के साथ अकेली नंद नगर कालोनी में रहती है और मजदूरी कर जीविका चलाती हैं। सरोज का आरोप है कि सोमवार की सुवह उनका जीजा सीताराम गुप्ता घर आया था। कुछ देर रुकने के वाद वच्चे को टाफी दिलाने के लिए साथ में लेकर गया आधे घंटे तक वच्चा घर नहीं पहुंचने पर सरोज ने सीताराम के नंवर पर फोन किया तो सीताराम ने वताया कि वच्चे को हम कभी घर पर छोड़ दिए हैं। जिसके वाद परेशान सरोज मोहल्ले और आसपास में वच्चे की तलाश की और मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी देखा लेकिन वच्चे को सीताराम ले जाते हुए दिख रहा था लेकिन घर वापस आते नहीं दिख रहा था। करीव तीन वजे पुलिस के माध्यम से सूचना मिली की देवरिया रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने एक युवक को वच्चे के साथ हिरासत में लिया है। पुलिस तस्दीक कर रही है कि वच्चे को गोरखपुर से लेकर जाने के पीछे क्या राज है?।

## चोरी की टैम्पो काटकर बेचने वाले तीन गिरफ्तार

गोला (एसएनबी)। पुलिस ने सोमवार को टेम्पो चुराने के वाद उसे काटकर वेचने वाले तीन शातिरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से कटे हुए टैंपो का टायर, सीट, नंवर प्लेट व ग्राइंडर आदि वरामद किया। पुलिस आरोपितों को आईपीसी की धारा 379 एवं 411 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

क्षेत्राधिकारी गोला अंजनी कुमार पांडेय ने वताया कि वीते 24 जून की रात कनवारपार निवासी उमेश चंद्र पांडेय की टैंपो चोरी हो गई थी। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज मिल गया था। इस मामले में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपितों की तलाश की जा रही थी। सुवह 9.45 वजे मुखविर से सूचना मिली कि टैंपो चोरी में शामिल आरोपित डेईडिहा व धुरियापार चीनी मिल के पास खड़े हैं। पुलिस ने घेरावंदी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया।

# आपसी सौहार्द से मनाएं त्योहार

बेलीपार (एसएनबी)। समाज के सभी वर्ग के लोगों को एक दूसरे का सम्मान करते हुए आपसी सौहार्द के साथ अपने-अपने धार्मिक त्योहारों को मनाना चाहिए। अमन में खलल डालने वालों के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उक्त बातें बेलीपार थाना प्रभारी नीरज राय ने परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न धार्मिक संगठनों के साथ हुई बैठक में व्यक्त किए। श्री राय ने कहा कि श्रावण मास के कावड़ यात्रा पर रोक लगा दी गई है, इसलिए कोई भी कावड़ यात्रा न निकालें। मुस्लिम बकरीद को शांतिपूर्ण ढंग से आपसी भाईचारे से मनाएं। अवसर पर उप निरीक्षक बाल गंगाधर शुक्ला वृजेश कुमार यादव हो राम सिंह सुनील कश्यप सुधीर कुमार सहित क्षेत्र के अनेक गांव के ग्राम प्रधान बीडीसी सदस्य एवं धार्मिक संगठनों के लोग उपस्थित रहे।



**अस्पताल संचालक पर हमले का मामला**

# पूर्व छात्र नेता सहित आधा दर्जन के खिलाफ केस

> गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता संजय यादव मारपीट में आया नाम सामने
>
> घटना स्थल का एसपी नार्थ ने किया मौका-मुआयना
>
> मुख्य आरोपितों की तलाश में जुटी पुलिस, कई से कर रही है पूछताछ

चौरीचौरा (एसएनबी)। चौरीचौरा थाना क्षेत्र तरकुलहा देवी मंदिर मोड़ पर वीते आधी रात को हुई मारपीट के मामले में प्रवीण सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी वेलडांड थाना वरहज जनपद देवरिया की तहरीर पर गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता संजय यादव सहित आधा दर्जन अज्ञात मनवढो के खिलाफ 147,148, 149, 341, 384, 336, 325, 352, 427 व 506 के तहत केस की गई है । पुलिस पुलिस का दलील है कि रंगदारी मांगने को लेकर मारपीट नहीं हुई है वल्कि पैसे की लेनदेन को लेकर विवाद हुआ है।

हमारे फुटहवा ईनार प्रतिनिधि के अनुसार देवरिया जनपद के वरहज थाना क्षेत्र के वेलडाड़ निवासी प्रवीण सिंह और प्रदीप कुमार गोरखपुर स्थित एक मोहल्ले में अस्पताल चलाते हैं । यह दोनों हास्पीटल संचालक अपनी होंडा अमेज कार से वीती रात तरकुलहा देवी मंदिर पहुँच कर दर्शन करने के उपरांत दावत करने लगे । दावत के उपरांत करीव दस वजे रात के वाद दोनों हास्पीटल संचालक अपनी कार से गोरखपुर के लिए निकल थे। अभी यह दोनों हास्पीटल संचालक तरकुलहा मोड़ से आगे देवीपुर गांव तक पहुंचे ही थे कि इनकी कार को ओवरटेक कर करीव आधा दर्जन से ऊपर मनवढ घेर लिए और कार से खींच कर प्रवीण सिंह तथा प्रदीप कुमार को जमकर पिटाई कर दी। इसमें एक व्यक्ति की हाथ की दो अंगुली भी क्षति ग्रस्त हो गई । पीड़ित ने तहरीर में आरोप लगाया है कि दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की गई । इस घटना में गोरखपुर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र नेता संजय यादव का नाम सामने आया है। पीडित ने घटना की जानकारी सीधे एसएसपी को दी जहाँ पर आज सोमवार को एसपी नार्थ स्वयं घटना स्थल पर पहुँच कर मौका मुआयना किया तथा थाना पहुंच कर घटना की पूरी जानकारी जुटाई । एसपी नार्थ के निर्देश पर सोमवार को संजय यादव सहित आधा दर्जन अज्ञात मनवढों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है । इसमें पुलिस कुछ लोगों को पकड़ कर पूछताछ भी कर रही है ।

# गैंगस्टर एक्ट में अपराधियों की 1574 करोड़ की सम्पत्तियां जब्त



> गैंगस्टर एक्ट में दर्ज हुए **13** हजार से ज्यादा मुकदमे
>
> बीते साढ़े चार साल में **139** अपराधी एनकाउंटर में ढेर

लखनऊ (एसएनबी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में अपराधियों के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के शानदार नतीजे सामने आये हैं। पुलिस द्वारा प्रदेश में कुख्यात अपराधियों, माफियाओं व उनके गिरोह के अन्य सहयोगियों के विरूद्ध अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की गयी है। वर्तमान सरकार के चार वर्ष से अधिक के कार्यकाल में गैंगेस्टर अधिनियम के तहत कुल 1574 करोड़ रूपये से अधिक की अवैध सम्पत्तियों के जब्तीकरण की कार्रवाई की गयी है। सर्वाधिक कार्रवाई जनवरी 2020 से अब तक की गयी है। इस अवधि में रिकार्ड कुल 13 22 करोड़ रूपये से अधिक की अवैध सम्पत्ति गैंगेस्टर अधिनियम के तहत जब्त की गयी है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने वताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में 13,700 से अधिक केस गैंगस्टर अधिनियम के तहत दर्ज किये जा चुके है, जिनमें 43 हजार से अधिक अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गयी है। अव तक गैंगस्टर अधिनियम की धारा-14(1) के तहत 1431 प्रकरणों में 1574 करोड़ से अधिक की चल-अचल अवैध सम्पत्तियों पर शिकंजा कसते हुये सरकारी जमीन अवमुक्त कराने, अवैध कब्जे के ध्वस्तीकरण एवं अवैध सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की जा चुकी है। गैंगस्टर अधिनियम में सर्वाधिक कार्रवाई वाराणसी जोन में की गयी है, जहां पर कुल 420 प्रकरणों में 2 अरब, 2 करोड़, 29 लाख रूपये से अधिक, गोरखपुर जोन में 208 प्रकरणों में 2 अरब, 64 करोड़, 85 लाख रूपये से अधिक तथा बरेली जोन में 1 अरब, 84 करोड़, 82 लाख रूपये से अधिक की सम्पत्ति के जब्तीकरण की कार्रवाई की गयी। प्रदेश में संगठित अपराध का सफाया किया गया है तथा विगत 20 मार्च 2017 से 20 जून 2021 तक की अवधि में कुल 139 अपराधी गिरफ्तारी के दौरान हुई पुलिस मुठभेड़ में मारे गये है व 3196 घायल हुये है। इन कार्रवाई में पुलिस वल के 13 जवान वीर गति को प्राप्त हुये तथा 1122 पुलिस कर्मी घायल भी हुये है। अपर मुख्य सचिव ने वताया कि जनमानस में सुरक्षा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने तथा अपराधियों के अन्दर कानून के भय का माहौल पैदा करने के लिए विशेष प्रयास किये गये हैं। इसी कड़ी में प्रदेश के 25 कुख्यात माफिया अपराधियों को चिन्हित कर उनके तथा गैग के अपराधियों व उनके सहयोगियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की गयी है।

## दूसरे और चौथे शनिवार को आयोजित होगा समाधान दिवस

> जनसामान्य की समस्याओं का करना होगा पांच दिनों में निस्तारण
>
> वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कम से कम दो थानों का करेंगे निरीक्षण

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कोविड प्रोटेकॉल के तहत प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को थाना दिवस/समाधान दिवस आयोजित होंगे। शासन द्वारा थाना दिवस/समाधान दिवस में प्राप्त जनसामान्य की समस्याओं का पांच दिन में प्रत्येक दशा में निस्तारण किये जाने एवं जनपद स्तर पर थाना दिवस की समीक्षा हेतु नामित नोडल एएसपी स्तर के अधिकारी द्वारा पूर्व थाना दिवस में समस्याओं के निस्तारण की सूचना सभी जनसामान्य को दिये जाने के व्यवस्था किये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी द्वारा इस संबंध में प्रदेश के चारों पुलिस आयुक्त, समस्त जिलाधिकारी, वरिष्ठ पलिस अधीक्षकों एवं पलिस अधीक्षकों को इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किये हैं। शासन द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि थाना दिवस ऐसी खुली जगहों पर आयोजित हों जहां पर सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुये आवेदकों की वैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। थाना दिवस के आयोजन के पूर्व सैनेटाईजेशन और प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग की जाय। किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी तथा आवेदक में कोविड-19 के संक्रमण के लक्षण पाये जाने पर संवन्धित जिले के सीएमओ को सूचित किया जाए। आवेदकों को शासन द्वारा कोविड-19 महामारी को रोकने हेतु निर्गत आदेशों से हेल्प डेस्क स्थापित कर यह भी वताया जाए कि मास्क का उपयोग न किये जाने पर दण्ड का प्रावधान है।

## दुष्कर्म का आरोपित जेल गया

सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित युवक को गुलरिहा पुलिस ने सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया. दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया. मुख्य आरोपित को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था. पीपीगंज थाना क्षेत्र का रहने वाला परिवार गुलरिहा क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रहता था. 27 जून को मां-बाप अपनी 13 वर्षीय बेटी व छोटे बेटे को घर पर छोड़कर पिपराइच में रहने वाले रिश्तेदार के घर गए थे. मकान मालिक के बेटे और भांजे ने दुष्कर्म किया था.

## पत्नी के प्रेमी को किया पुलिस के हवाले

बिहार के सीतामढ़ी जिले का रहने वाला मजदूर गुलरिहा के करमहा में किराये के मकान में पत्नी के साथ रहता है. रविवार रात बशारतपुर का रहने वाला युवक उसकी पत्नी से मिलने घर पहुंच गया, जिसे पकड़कर उसने पुलिस को सौंप दिया.

## वापस ले सकते हैं जमा कराए असलहे

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के मद्देनजर सुरक्षा की दृष्टि से जमा कराए गए लाइसेंस धारकों के असलहे अब वापस लिए जा सकेंगे. मतगणना समाप्त होने के साथ ही निर्वाचन प्रक्रिया भी समाप्त हो गई है. जिलाधिकारी ने आदेश दिया है कि जिन लाइसेंसधारकों ने अपना शस्त्र थाना या शस्त्र विक्रेताओं के यहां जमा कराया है, नियमानुसार उनका असलहा वापस कर दिया जाए. लाइसेंस धारक नियमानुसार अपना असलहा वापस ले सकते हैं.

# बकरीद पर बदलेगा शहर का ट्रैफिक

### चौराहों पर मौजूद रहेगी पुलिस, नियम तोड़ने पर कार्रवाई

gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (19 July): ईद-उल-जुहा पर बुधवार को शहर के विभिन्न मस्जिदों में नमाज अदा की जाएगी. इसको देखते हुए शहर में यातायात मार्ग बदला रहेगा. कई स्थानों पर रूट डायवर्जन किया गया है. ऐसे में घर से निकलने से पहले रूट डायवर्जन को ध्यान में रखकर निकले ताकि रास्ते में परेशानी न उठानी पड़े. एसपी ट्रैफिक रामसेवक गौतम ने बताया कि यह डायर्जन सुबह 5.30 बजे दोपहर 12 बजे तक प्रभावी रहेगा.

### यह हुई व्यवस्था

- जामा मस्जिद घंटाघर की तरफ जाने वाले शाहमारूफ रास्ते पर नमाज प्रारम्भ से समाप्ति तक सभी प्रकार के वाहन और रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे.
- अलहदादपुर तिराहे से घंटाघर की तरफ रायगंज होते हुए सभी प्रकार के




वाहन और रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे.
- नार्मल टैक्सी स्टैण्ड से घंटाघर मार्ग पर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन और रिक्शा प्रतिबंधित रहेंगे.
- रेती चौराहा से घंटाघर की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे.
- इलाहीबाग चौराहा से बहरामपुर बंधे की तरफ जाने वाले सभी प्रकार के वाहन प्रतिबंधित रहेंगे.
- बरफखाना से भारी वाहनों को शहर की ओर जाने से प्रतिबंधित किया जाएगा. उन्हें लाल डिग्गी बंधे की तरफ मोड़ दिया जाएगा.
- अलीनगर चौराहा से हजारीपुर जाने वाले वाहनों को विजय चौराहा या तरंग ओरवब्रिज की तरफ निकाला जाएगा.
- जटाशंकर से हजारीपुर की तरफ जाने वाले वाले मार्ग पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे. टीपीनगर तिराहा से नार्मल टैक्सी स्टैण्ड से तुर्कमानुपर व घंटाघर एवं घोष कम्पनी की तरफ वाहन प्रतिबंधित रहेंगे.
- गंगेज चौराहा से अलीनगर चौराहा की ओर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.
- करमचंद चौरहा से बहरामपुर जाने वाले मार्ग पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे.
- गोरखनाथ ओवरब्रिज रेलवे से उत्तर गोरखनाथ की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.
- हुमायूंपुर ओवरब्रिज के ऊपर से सवारी गाड़ी को गोरखनाथ की तरफ नहीं जाने दिया जाएगा.
- फरेन्दा, पीपीगंज से आने वाले सभी भारी वाहनों को बरगदवा से फर्टिलाईजर, झुंगिया होते हुए खजांची चौराहा से फातिमा अस्पताल, पादरी बाजार चौकी, कौवाबाग बाईपास मार्ग से चारफाटक ओवरब्रिज मोहद्दीपुर होते हुए गन्तव्य को जाएंगे. इसी प्रकार शहर से फरेन्दा की तरफ जाने वाले मार्ग भी इस से ही होकर जाएंगे.

# 'प्रोटोकॉल' फॉलो कर मनाएं बकरीद

**बकरीद के मद्देनजर डीएम ने की शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक**

**नगर निगम के अफसरों को सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (19 July):** ईद-उल-अजहा (बकरीद)के मद्देनजर एनेक्सी भवन सभागार में जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पाण्डियन ने सोमवार को शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक की. उन्होंने कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मेलमिलाप से त्योहार मनाने की अपील की. नगर निगम के अधिकारियों को त्योहार पर साफ-सफाई का विशेष इंतजाम रखने का निर्देश दिया.

जिलाधिकारी ने कहा कि सबसे पहले जीवन की सुरक्षा जरूरी है. शारीरिक दूरी, मास्क, सेनेटाइजर आदि का प्रयोग जरूर करें. सड़कों को गड्ढा मुक्त बनाया जाए, ढीले एवं जर्जर तार व पोल को ठीक करने के साथ पानी एवं बिजली की आपूर्ति सुचारु रहे. हर थाने पर शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए और सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी करें. त्योहार के दौरान छुट्टा पशुओं के विचरण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



पुलिस-प्रशासन के अधिकारी रहे मौजूद.

## शहर से बाहर करें निस्तारण

नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नालियों की सफाई कराने के बाद उसके मलबे को जल्द हटा दिया जाए. जिलाधिकारी ने कहा कि कुरबानी के बाद जानवरों के अवशेष का निस्तारण शहर से बाहर किया जाए. अवशेष ले जाने वाली ट्रालियों को ढककर ले जाया जाए. उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि वे सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर जीवन रक्षक दवाएं तथा स्टाफ की उपलब्धता बनाए रखें. जाम की समस्या से निपटने के लिए यातायात व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने का निर्देश दिया.

## नई परंपरा की अनुमति नहीं

एसएसपी ने बताया कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रहेगी. नई परंपरा लागू करने की अनुमति नहीं होगी. बैठक में मुख्य विकास अधिकारी इंद्रजीत सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर आरके श्रीवास्तव, एडीएम प्रशासन डा. चतुर्भुजी गुप्ता, डा. सुधाकर पांडेय, आदिल अमीन, सरदार बलवीर सिंह, शाकिर अली सलमानी आदि शामिल रहे.

## नगर निगम ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने बताया कि नगर निगम में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है. 0551-2342621, मोबाइल नंबर 7311180390 तथा कैंप कार्यालय के नंबर 0551-2336950 व मोबाइल नंबर 7311180300 पर संपर्क कर किसी समस्या के बारे में जानकारी दी जा सकती है.



# तमंचे पर डिस्को देखकर पुलिस फिर हुई हलकान

पुराने वीडियो बढ़ा रहे पुलिस की मुसीबत

छह माह में 200 से अधिक हुई बरामदगी



gorakhpur@inext.co.in

GORAKHPUR (19 July): जिले में तमंचे पर डिस्को थमने के दावे पुलिस भले कर रही है. लेकिन सोशल मीडिया पर वीडियो और फोटो वायरल होने का सिलसिला जारी है. घूम फिरकर वायरल हो रहे पुराने वीडियो पुलिस के लिए सिरदर्द बनते जा रहे हैं. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिन मामलों में कार्रवाई हो चुकी है. उनके बारे में भी सोशल मीडिया के जरिए शिकायतें सामने आ रही हैं. दो दिनों से झंगहा एरिया में आर्केस्ट्रा डांस का वीडियो खूब वायरल हो रहा है. रुपए के लालच में महिला कलाकार दो तमंचे लेकर स्टेज पर डांस कर रही है. एसएसपी ने बताया कि मामले में कार्रवाई हो चुकी है. आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है.

### दो तमंचों संग महिला का डांस

दो दिनों से सोशल मीडिया पर झंगहा एरिया का एक वीडियो वायरल हो रहा है. शादी समारोह के दौरान युवकों की भीड़ के सामने स्टेज पर आर्केस्ट्रा की महिला कलाकार डांस कर रही है. करीब तीन मिनट 27 सेकेंड के वीडियो में सामने खड़े युवक कुछ देर के बाद महिला कलाकार को तमंचा थमा देते हैं. इनाम में मिलने वाले रुपए की लालच में पड़कर वह दोनों हाथ में तमंचा लेकर डांस करने लगती है. डांस के दौरान एक युवक लेडी का हाथ भी चूम लेता है. रविवार को यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ. हालांकि जांच के बाद पुलिस ने इसे काफी पुराना बनाया. पुलिस ने दावा किया कि महिला को तमंचा थमाने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई हो चुकी है.

# गुलरिहा से बच्चे का अपहरण, दो गिरफ्तार

जीआरपी देवरिया को मिली कामयाबी

GORAKHPUR (19 July): गुलरिहा एरिया के पादरी बाजार, नंद नगर कालोनी से सोमवार की सुबह लापता बच्चा अपने मौसा के साथ देवरिया में बरामद हुआ. टॉफी दिलाने के बहाने मौसा ने बच्चे का अपहरण कर लिया था. पुलिस ने मौसा समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है.

### टॉफी के बहाने ले गया मौसा

पादरी बाजार, नंद नगर कॉलोनी मोहल्ले में रहने वाली सरोज गुप्ता का ढाई वर्षीय बेटा आदर्श सोमवार की सुबह खेल रहा था. करीब सात बजे वह अचानक लापता हो गया. मां ने उसकी तलाश आसपास के घरों में की, लेकिन पता नहीं चला. आदर्श के पिता भी नहीं है. इसलिए परेशान होकर मां ने पुलिस को सूचना दी. बताया कि उसके जीजा सीताराम घर आए थे. कुछ देर बाद वह बच्चे को टॉफी दिलाने की बात कहकर निकले थे. उसे लगा कि बच्चा उनके साथ ही है. फोन करने पर सीताराम ने बताया कि बच्चे को घर के पास ही छोड़कर वह चला गया है.

### सीसीटीवी में नजर आया आरोपित

पुलिस ने जब सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो बच्चे को ले जाते हुए सीताराम नजर आया. लोकेशन देवरिया रेलवे स्टेशन पर मिली. करीब तीन बजे सीताराम को अरेस्ट कर लिया.

जांच के लिए एसएसपी ने गठित की एसआइटी, नए सिरे से पूरे मामले की जांच करेगी पांच सदस्यीय कमेटी

# फिर खुली फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले की फाइल

जागरण संवाददाता गोरखपुर : फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले की फाइल एसएसपी ने फिर खोल दी है। एसपी क्राइम की अगुवाई में एसआइटी का गठन किया है, जिसने नए सिरे से पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

डीएम कार्यालय से शस्त्र लाइसेंस की पत्रावली हासिल करने के लिए पत्राचार किया गया है। इस हाई प्रोफाइल मामले की जांच दोबारा शुरू होने से इस प्रकरण से जुड़े लोगों की परेशानी बढ़ने वाली है। जांच के दौरान दो सौ से अधिक लोगों के फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनाए जाने की बात सामने आई थी,लेकिन जांच रुक जाने से नाम सामने नहीं आया था।




14 अगस्त 2019 को फर्जी शस्त्र लाइसेंस का प्रकरण सामने आया था। गोरखनाथ थानाक्षेत्र निवासी तनवीर अहमद को पुलिस ने गिरफ्तार कर जिले में फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया था। तत्कालीन असलहा बाबू राम सिंह ने मामले में मुकदमा दर्ज कराया था।

### डीएम व एसएसपी ने गठित की थी एसआइटी

डीएम और एसएसपी ने मामले की जांच के लिए अलग-अलग एसआइटी गठित की थी। जिसकी जांच में परत-दर-परत हकीकत सामने आयी और असलहा बाबुओं की भूमिका संदिग्ध मिलने पर गिरफ्तारी हुई।

पुलिस की जांच में पता चला कि असलहा बाबू रहे राम सिंह, पूर्व असलहा बाबू अशोक गुप्ता, सेवानिवृत्त बाबू विजय प्रताप श्रीवास्तव, संविदाकर्मी अजय प्रताप गिरी भी गिरोह से जुड़े थे। नाम प्रकाश में आने के बाद पुलिस ने इनके साथ ही मुख्य आरोपित रवि गन हाउस के संचालक रवि पांडेय समेत 15 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### गन हाउस से चल रहा था फर्जीवाड़ा :

फर्जी शस्त्र लाइसेंस बनवाने का खेल गन हाउस से चल रहा था। गिरोह के सदस्य प्रापर्टी डीलर व नवधनाढ्यों से मोटी रकम वसूल कर फर्जी लाइसेंस बनवाते थे। गिरोह से जुड़े एक कर्मचारी के घर पर पुलिस ने छापा मारा तो उसके घर से फर्जी लाइसेंस बनाने का ढेर सारा सामान बरामद हुआ था। उसके घर पर लाइसेंस की किताब, मजिस्ट्रेट की मुहर, कई रंग के पेन, और फाइलें रखी गई थीं।

विवेचना में आरोप की पुष्टि होने पर विजय प्रताप, विकास तिवारी, तनवीर, शमशेर आलम, प्रणय प्रताप सिंह, शमशाद, विजय प्रताप श्रीवास्तव, आजम लारी, शाहिद अली, असफाक अहमद, विवेक मद्धेशिया, रवि प्रताप पाण्डेय, राम सिंह, अशोक गुप्ता और अजय प्रताप गिरी के खिलाफ कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की गई।

डीएम के आदेश पर मार्च 2021 में तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक कैंट अनिल उपाध्याय ने विजय प्रताप सिंह, विकास तिवारी, तनवीर, शमशेर आलम, प्रणय प्रताप सिंह, शमशाद, आजम लारी, शाहिद अली, असफाक अहमद, विवेक मद्धेशिया, रवि प्रताप पाण्डेय और अजय प्रताप गिरी के खिलाफ गैंगेस्टर की कार्रवाई करते हुए केस दर्ज कराया।



फर्जी शस्त्र लाइसेंस मामले की नए सिरे से जांच हो रही है। एसआइटी मामले से जुड़े सभी बिंदुओं की पड़ताल करेगी। जेल भेजे गए लोगों के अलावा जितने भी लोगों का नाम सामने आएगा उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**दिनेश कुमार पी**, एसएसपी

# नौसढ़ चौराहे पर बेबस मिली बुजुर्ग महिला



**छलके दर्द के आंसू:** वृद्धा आश्रम में रह रही सुभावती देवी की आंखों से दर्द के आंसू उस समय छलक उठे जब अपने ऊपर अत्याचार की कहानी सुना रही थीं ● **अभिनव राजन चतुर्वेदी**

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** नौसढ़ चौराहे पर रविवार की रात बुजुर्ग महिला बेबस हालत में घूमती मिलीं। पूछने पर बताया कि भतीजी ने मिलने के बुलाया था, लेकिन यहीं छोड़कर चली गई। पुलिस ने उन्हें वृद्धाश्रम भेज दिया है।

महिला ने अपना नाम सुभावती निवासी करौली, दोहरीघाट, मऊ बताया। बताया कि उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, इसलिए वह अयोध्या के नयाघाट स्थित वृद्धाश्रम में रहती हैं। भतीजी ने रविवार को मिलने के लिए यहीं बुलाया था। कहा कि साथ ले जाएगी। वह जब यहां पहुंची तो भतीजी ने कहा कि दो-तीन दिन कहीं और रह लें, बाद वह साथ ले जाएगी। नौसढ़ चौकी ईंचार्ज अनूप तिवारी ने बताया कि बुजुर्ग महिला को बेबस हालत में देखकर उचित संरक्षण के लिए बड़गो स्थित वृद्धा आश्रम भेज दिया गया है।

# बकरीद की तैयारियों में बाजार खरीदारों से गुलजार

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** ईद-उल-अजहा की तैयारियों में जुटे लोगों ने सोमवार को जमकर खरीदारी की। कपड़े, जूते-चप्पल से लेकर सिवई और खोवा की खूब बिक्री हुई। ग्राहकों की सबसे ज्यादा भीड़, रेती, शाहमारुफ, उर्दू बाजार, घंटाघर, नखास, जाफरा बाजार, रसूलपुर और गोरखनाथ में दिखाई दी। खरीदारों की भीड़ के चलते देर शाम तक बाजार गुलजार रहे। रेती के रेडीमेड विक्रेता मोहम्मद अफरोज ने बताया कि लड़कियों के लिए प्लाजो-सेट, स्कट-टाप और शाट्स लोगों की पहली पसंद थी। चप्पल विक्रेता संदीप ने बताया कि लेडीज सैंडल की ज्यादा डिमांड रही। नखास, जाफरा बाजार और गोरखनाथ में सिवई खरीदने वालों की भीड़ उमड़ी। सिवई कारोबारी मोहम्मद शब्बू ने बताया कि सोमवार को तीन क्विंटल से ज्यादा सिवई बिकी।

### 10.30 बजे तक होगी नमाज

कुर्बानी का त्योहार ईद-उल-अजहा बुधवार को अकीदत के साथ मनाया जाएगा। शहर के ईदगाहों और प्रमुख मस्जिदों में विशेष नमाज सुबह छह बजे से लेकर सुबह 10.30 बजे तक अदा की जाएगी।

## शाहरुख-सलमान को नहीं मिले खरीदार



शाहमारूफ में बिकने आया सलमान नाम का बकरा जिसकी कीमत 50 हजार रुपये है ● जागरण

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : बिक्री के लिए सोमवार को दोपहर उर्दू बाजार पहुंचा शाहरुख एवं सलमान नाम का बकरा आकर्षक का केंद्र रहा। एक का वजन 55 तो दूसरे का वजह करीब 60 किलो था। बकरा मालिक एजाज ने शाहरुख की कीमत 35 तो सलमान की 50 हजार रुपये लगाई थी, लेकिन खरीदारों को बकरे की कीमत ज्यादा लगी। इलाहीबाग में बकरा खरीदने आए इजहार अहमद ने बताया कि पिछले वर्ष के मुकाबले बकरे 25 फीसद तक महंगे हैं।

## कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मनाएं बकरीद

**गोरखपुर :** जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पाण्डियन ने सोमवार को ईद-उल-अजहा (बकरीद)के मद्देनजर एनेक्सी भवन सभागार में शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक की। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में मेलमिलाप से त्योहार मनाने की अपील की। नगर निगम के अधिकारियों को त्योहार पर साफ-सफाई का विशेष इंतजाम रखने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी ने कहा कि हर थाने पर शांति समिति की बैठक आयोजित की जाए और सभी थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में नियमित रूप से निगरानी करें। त्योहार के दौरान छुट्टा पशुओं के विचरण पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिया कि नालियों की सफाई कराने के बाद उसके मलबे को जल्द हटा दिया जाए। कुरबानी के बाद जानवरों के अवशेष का निस्तारण शहर से बाहर किया जाए। एसएसपी ने बताया कि नई परंपरा लागू करने की अनुमति नहीं होगी।



शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम के विजयेंद्र पाण्डियन। साथ में एसएसपी दिनेश कुमार पी, एसपी सिटी सोनम कुमार व एडीएम सिटी आरके श्रीवास्तव ● जागरण

### नगर निगम ने स्थापित किया कंट्रोल रूम

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने बताया कि नगर निगम में कंट्रोल रूम की स्थापना की गई है। 0551-2342621, मोबाइल नंबर 7311180390 तथा कैंप कार्यालय के नंबर 0551-2336950 व मोबाइल नंबर 7311180300 पर संपर्क कर किसी समस्या के बारे में जानकारी दी जा सकती है।

### 30 हजार से ज्यादा जानवरों की दी जाएगी कुर्बानी

**गोरखपुर :** बकरीद को लेकर नगर निगम प्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। शहर में तीन दिनों में 30 हजार से ज्यादा जानवरों की कुर्बानी को देखते हुए नगर निगम ने सफाई और अवशेषों के निस्तारण पर मंथन किया। मस्जिदों और ईदगाहों की सफाई और छिड़काव भी तेज कर दिया गया है।

नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कहा कि बकरीद के दिन से तीन दिनों तक कुर्बानी की परंपरा को देखते हुए अवशेषों के निस्तारण की अभी से व्यवस्था कर लें। चिह्नित स्थानों पर गड्ढे की खोदाई कराकर आवश्यक सामग्री पहले ही डाल दें। इसकी जिम्मेदारी उप नगर स्वास्थ्य अधिकारी अखिलेश श्रीवास्तव और सुपरवाइजर रामाशीष को दी गई है।

## युवती समेत दो पर चोरी का मुकदमा

**जासं., गोरखपुर :** चेक चोरी कर खाते से दो लाख रुपये निकाले जाने के मामले में कैंट पुलिस ने युवती और उसके दोस्त के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज कर लिया। 15 दिन से पीड़ित मुकदमा दर्ज कराने के लिए परेशान था। शाहपुर के मैत्रीपुरम कालोनी निवासी राघवेंद्र नाथ द्विवेदी ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि शिवम इंटरप्राइजेज के खाते का संचालन वह करते हैं। जिसका खाता इंडियन बैंक सिविल लाइंस में है। उन्होंने बताया कि आफिस में काम करने वाली श्वेता सिंह ने हस्ताक्षर किए गए दो चेक चुरा लिए। उसे देवरिया, कोतवाली के पिडरा निवासी अपने दोस्त रवि सिंह को दे दिया। उसने चेक के जरिये दो लाख रुपये निकाल लिए।

## पिता को पकड़ते ही बालिका को थाने लेकर पहुंचा किशोर

**खोराबार :** बालिका को बहला-फुसलाकर ले जाने के एक मामले में सोमवार को खोराबार पुलिस ने किशोर के पिता को पकड़ लिया। इसकी सूचना किशोर को हुई तो वह किशोरी को लेकर थाने पहुंच गया। पुलिस ने दोनों के अभिभावकों को समझा बुझाकर थाने से वापस भेजा। बालिका के पिता ने थाने में शिकायत की कि एक किशोर उनकी 11 वर्षीया पुत्री को बहला-फुसला कर लेते गया है। पुलिस ने किशोर के पिता को थाने बुला लिया। इसकी जानकारी किशोर को हुई तो वह किशोरी को लेकर थाने पहुंच गया। वहां पुलिस किशोर की उम्र देखकर हैरान रह गई। वह भी मात्र 13 वर्ष का है। (जासं)

## पत्नी के प्रेमी को किया पुलिस के हवाले

**गोरखपुर :** बिहार के सीतामढ़ी जिले का रहने वाला मजदूर गुलरिहा के करमहा में किराये के मकान में पत्नी के साथ रहता है। रविवार रात बशारतपुर का रहने वाला युवक उसकी पत्नी से मिलने घर पहुंच गया, जिसे पकड़कर उसने पुलिस को सौंप दिया। पुलिस को युवक ने बताया कि बशारतपुर के रहने वाले आरोपित की उसकी पत्नी से जान-पहचान है। रात 12 बजे वह काम करके घर पहुंचा तो आरोपित उसके घर में मौजूद था। वह बशारतपुर में किराये पर कमरा लेकर रहता था, लेकिन आरोपित की हरकत से परेशान होकर गुलरिहा क्षेत्र में चला आया। (जासं)

# मासूम को लेकर भाग रहे मौसा समेत दो को जीआरपी ने दबोचा

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के नंद नगर कालोनी से सोमवार सुबह एक बच्चा लापता हो गया। खोजबीन के बाद पता न चलने पर मां ने पुलिस को सूचना दी। सीसी कैमरे की फुटेज देखने पर पता चला कि बच्चे को उसका मौसा ले गया है। लोकेशन के आधार पर देवरिया स्टेशन पर जीआरपी ने उसे और उसके साथी को गिरफ्तार कर बच्चे को मुक्त कराया।

नंदनगर कालोनी निवासिनी सरोज गुप्ता के पति दीपक की एक साल पहले मौत हो चुकी है। मजदूरी कर जीविका चलाने वाली सरोज ढाई वर्षीय बेटे आदर्श के साथ अकेले रहती हैं। सोमवार सुबह आदर्श घर के बाहर खेल रहा था, जहां से वह रहस्यमय परिस्थिति में लापता हो गया। सरोज ने पुलिस को बताया कि सोमवार सुबह उनके जीजा देवरिया जिले के गड़वार निवासी सीताराम घर आए थे। कुछ देर रुकने के बाद बच्चे को टाफी दिलाने के बहाने साथ में लेकर निकले। आधे घंटे तक जब बच्चा घर नहीं लौटा तो उन्हें फोन किया। सीताराम ने बताया कि बच्चे को उसने घर पर ही छोड़ दिया है। पुलिस ने मोहल्ले में लगे सीसी कैमरे की फुटेज देखी तो सीताराम अपने साथ बच्चे को ले जाते हुए दिखा। इस पर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। देवरिया रेलवे स्टेशन पर लोकेशन मिलने पर सूचना जीआरपी को को दी गई। इस आधार पर दोपहर दो बजे जीआरपी देवरिया ने उसे और उसके साथी गड़वार निवासी जयशंकर श्रीवास्तव को पकड़ लिया और बच्चे को मुक्त कराया।

**कार्रवाई**

- देवरिया का रहने वाला आरोपित सोमवार सुबह आया था घर
- सीसी कैमरा की फुटेज से पुलिस को हुई मामले की जानकारी

## सामूहिक दुष्कर्म का आरोपित जेल गया

**गोरखपुर :** सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित युवक को गुलरिहा पुलिस ने सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया। मुख्य आरोपित को पुलिस ने पहले ही जेल भेज दिया था। पीपीगंज का रहने वाला परिवार गुलरिहा क्षेत्र में किराये पर कमरा लेकर रहता था। 27 जून को मां-बाप अपनी 13 वर्षीय बेटी व छोटे बेटे को घर पर छोड़कर पिपराइच में रहने वाले रिश्तेदार के घर गए थे। रात में मकान मालिक के बेटे और भांजे ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। (जासं)

# रंगदारी न देने पर जानलेवा हमले में सात पर केस

## चौरीचौरा में रविवार रात हास्पिटल संचालक के साथ हुई थी वारदात, तीन आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, मुंडेरा बाजार :** रंगदारी न देने पर हास्पिटल संचालक प्रदीप कुमार पर हुए जानलेवा हमले की घटना में चौरीचौरा पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। महराजगंज जिले के रहने वाले मुख्य आरोपित समेत चार लोगों की तलाश की जा रही है। मेडिकल कालेज में भर्ती हास्पिटल संचालक को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।



पुलिस की गिरफ्त में हास्पिटल के डायरेक्टर पर हमला करने के आरोपित • सौ. मीडिया सेल

देवरिया जिले के बरहज थाना क्षेत्र स्थित बेलडाड़ निवासी प्रवीण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि महराजगंज जिले के निचलौल थानाक्षेत्र के खमौरा निवासी प्रदीप कुमार के साथ चिलुआताल के करीमनगर में न्यू अर्पित हास्पिटल एवं रिसर्च सेंटर के नाम से हास्पिटल चलाते हैं। 18 जुलाई की शाम को प्रदीप कुमार अपने साथी विपुल सिंह, नितिन सिंह, प्रद्युम्न सिंह और भूपेन सिंह और ड्राइवर राजा के साथ तरकुलहा मंदिर एक मनौती पूरी करने आए थे, जहां उनकी मुलाकात महराजगंज जिले के पनियरा निवासी संजय यादव से हुई। रात में 10 बजे के करीब प्रदीप कुमार तरकुलहा से अपने घर जा रहे थे देवरिया हाईवे से 200 मीटर पहले ही संजय यादव ने अपने सात साथियों के साथ प्रदीप की गाड़ी को रोक लिए और दस लाख रुपये मांगने लगा।

प्रदीप ने रुपये देने से इन्कार किया तो ईंट, पत्थर और राड से हमला कर दिया, जिसमें वह घायल हो गए और बाएं हाथ की दो उंगलियां कट गईं। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए आरोपित हवाई फायरिंग करते हुए फरार हो गए। एसएसपी दिनेश कुमार पी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रंगदारी, बलवा, मारपीट, धमकी देने के मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी प्रभात यादव, राजकरन निषाद और महराजगंज पनियरा के बरगदवां निवासी धनंजय सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना में इस्तेमाल दो कार को कब्जे में लिया गया है। मुख्य आरोपित संजय यादव समेत चार आरोपितों की तलाश चल रही है।

**कार्रवाई**

- महराजगंज जिले के शातिर समेत चार बदमाशों की चल रही तलाश
- मेडिकल कालेज से हास्पिटल संचालक को प्राथमिक उपचार के बाद मिली छुट्टी

# अपहरण कर बच्चे को ले जा रहा था मौसा, देवरिया स्टेशन में मिला

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** नंद नगर कॉलोनी से सोमवार की सुबह लापता बच्चा देवरिया रेलवे स्टेशन पर मिला। उसका मौसा अपहरण कर लेकर जा रहा था, तभी जीआरपी के हत्थे चढ़ा। मौसा ने अपहरण क्यों किया, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पादरी बाजार स्थित नंद नगर कॉलोनी निवासी सरोज गुप्ता के पति दीपक गुप्ता की एक साल पहले मौत हो गई थी। उनका ढाई वर्षीय पुत्र आदर्श गुप्ता सोमवार की सुबह घर के पास से लापता हो गया। सरोज अपने पुत्र के साथ अकेली नंद नगर कॉलोनी मे रहती हैं और मजदूरी कर जीविका चलाती हैं। उनका आरोप है कि सोमवार की सुबह जीजा सीताराम गुप्ता घर आए थे। कुछ देर रुकने के बाद बच्चे को टाफी दिलाने के बहाने लेकर निकले थे। आधे घंटे तक जब बच्चा घर नहीं लौटा तो उन्होंने सीताराम के मोबाइल नंबर पर फोन किया। सीताराम ने बच्चे को घर पर ही छोड़ने की बात कही। सरोज ने मोहल्ले और आसपास बच्चे की तलाश की, जब कहीं पता नहीं चला तो पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अपहरण का केस दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इस दौरान पुलिस ने मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया तो बच्चे को लेकर जाते हुए सीताराम दिख रहा था, लेकिन घर वापस आते नहीं दिखा था।

# बकरीद पर कल बदला रहेगा शहर का यातायात

**गोरखपुर।** बकरीद पर बुधवार को सुबह 5:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक शहर के प्रमुख मार्गों पर यातायात परिवर्तन किया है। यह परिवर्तन महानगर क्षेत्र की विभिन्न मस्जिदों और जामा मस्जिद में अदा की जाने वाली नमाज के मद्देनजर किया गया है। ऐसे में घर से निकलने से पहले मार्गों का परिवर्तन जरूर पढ़ लें।

## इन रास्तों पर प्रतिबंधित रहेगा आवागमन

- शाहमारूफ से जामा मस्जिद घंटाघर की तरफ से जाने वाले रास्ते पर नमाज की शुरुआत से समाप्ति तक सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- अलहदादपुर की तरफ से घंटाघर की तरफ रायगंज रोड पर वाहन प्रतिबंधित रहेंगे ।
- नार्मल टैक्सी स्टैंड से घंटाघर के मार्ग पर आवागमन बंद रहेगा।
- रेती चौराहा से घंटाघर की तरफ जाने वाली सड़क पर वाहन नहीं जा सकेंगे ।
- इलाहीबाग चौराहा से बहरामपुर बंधे की तरफ सभी वाहन प्रतिबंधित रहेंगे ।
- टीपी नगर तिराहा से नार्मल टैक्सी स्टैंड से तुर्कमानपुर व घंटाघर एवं घोष कंपनी की तरफ वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- गंगेज चौराहे से अलीनगर चौराहे की ओर भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित है। नमाज अदा होने तक वाहन प्रतिबंधित रहेंगे।
- करमचंद चौराहा से बहरामपुर जाने वाले वाहन उक्त अवधि में प्रतिबंधित रहेंगे।
- गोरखनाथ ओवरब्रिज रेलवे क्रासिंग से उत्तर गोरखनाथ की तरफ सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।

## इन रास्तों से गुजरेंगे वाहन

- बर्फखाना से भारी वाहनों को शहर की ओर आने जाने नहीं दिया जाएगा। उन्हें लालडिग्गी बंधे की ओर मोड़ दिया जाएगा। वाहनों को किसी भी दशा मे शहर में प्रवेश नही मिलेगा।
- अलीनगर चौराहा से हजारीपुर जाने वाले वाहनों को विजय चौराहा या तरंग टाकीज की ओर से निकाला जाएगा। दूसरी तरफ जटाशंकर की तरफ से हजारीपुर की तरफ आने वाले वाहन नमाज पूरी होने तक प्रतिबंधित रहेंगे।
- हुमायूंपुर ओवर ब्रिज के ऊपर से सवारी वाहनों को गोरखनाथ की तरफ नही जाने दिया जाएगा।
- फरेंदा से गोरखपुर आने वाले सभी वाहनों को बरगदवां तिराहे से गोरखनाथ मंदिर की तरफ नहीं आने दिया जाएगा। उन्हें बरगदवां चौकी तिराहे से फर्टिलाईजर की तरफ तरफ मोड़ दिया जाएगा। उन वाहनों का प्रवेश शहर में खजांची चौराहा, पादरी बाजार चौराहा, मोहद्दीपुर ओवरब्रिज, मोहद्दीपुर होते हुए होगा।
- गोरखपुर महानगर से फरेंदा की ओर जाने वाले सवारी वाहनों एवं निजी बसों को रेलवे स्टेशन, छात्रसंघ चौराहा, मोहद्दीपुर चौराहा चारफाटक ओवरब्रिज होते हुए जेल बाईपास, पादरी बाजार चौराहा, खजांची होते हुए फर्टिलाइजर बरगदवां होकर भेजा जाएगा।

# अस्पताल संचालक से रंगदारी मांगने के तीन आरोपित दबोचे

## चौरीचौरा इलाके में रंगदारी न देने पर संचालक की काट ली थी अंगुली

फुटहवा इनार (चौरीचौरा)। तरकुलहा मंदिर के मेन गेट पर रविवार की देर रात हॉस्पिटल संचालक प्रवीण सिंह पर हमला कर अंगुली काटने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। चौरीचौरा पुलिस ने प्रवीण सिंह की तहरीर पर छात्रनेता संजय यादव सहित सात अज्ञात लोगों के खिलाफ रंगदारी, मारपीट, बलवा, धमकी देने सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। मुख्य आरोपित संजय की तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

पकड़े गए आरोपितों की पहचान गुलरिहा के हरसेवकपुर नंबर दो निवासी प्रभात यादव, राजकरन निषाद और महराजगंज के पनियरा इलाके के बरगदवां निवासी धनंजय सिंह के रूप में हुई है। देवरिया जनपद के बरहज थाना क्षेत्र के बेलडाड़ निवासी प्रवीण सिंह ने पुलिस को दी तहरीर के मुताबिक वे अपने दोस्त प्रदीप कुमार, निवासी खमौरा थाना निचलौल जिला महराजगंज के साथ मिलकर गोरखपुर के करीमनगर में न्यू अर्पित हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर चलाते हैं। इसके डायरेक्टर प्रदीप कुमार हैं। 18 जुलाई को मैं प्रदीप कुमार और अपने साथी विपुल सिंह, नितिन सिंह, प्रदुम्न सिंह और भूपेन सिंह और ड्राइवर राजा के साथ तरकुलहा मंदिर गए थे। वहां संजय यादव से मुलाकात हुई। रात करीब 10 बजे तरकुलहा से अपने घर जा रहे थे कि मंदिर के मुख्य गेट से 200 मीटर पहले ही प्रदीप कुमार की गाड़ी को संजय यादव व उसके साथ आये 5-7 लोग गाड़ी को रोक लिए और दस लाख की मांग करने लगे।

काफी समझाने के बाद भी संजय यादव नहीं माना और जान माल की धमकी देने लगा। इसके बाद संजय यादव और उसके साथी ने मेरे पार्टनर प्रदीप कुमार पर ईंट, पत्थर और राड से हमला कर दिया। जिसमें प्रदीप का सिर फट गया और उनकी उंगलियां कट गई। उनका मोबाइल भी तोड़ दिया गया। जाते जाते हवाई फायरिंग किया और अपनी गाड़ी से फरार हो गए। घायल अवस्था मे प्रदीप का इलाज न्यू अर्पित हॉस्पिटल में चल रहा है। जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है।

प्रवीण सिंह की इस तहरीर पर पुलिस ने संजय यादव व सात अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। देर रात हुई इस घटना के बाद एडीजी जॉन अखिल कुमार व एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु के निर्देश पर सक्रिय हुई, पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार लिया है और उनसे पूछताछ कर रही है। सोमवार को चौरीचौरा थाना पहुंचकर एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने भी गिरफ्त में लिए गए और आरोपितों से पूछताछ की।



अस्पताल संचालक पर हमला करने के आरोप में पकड़े गए तीन युवक।

### गंभीर धाराओं में केस पर जांच में आपसी लेनदेन सामने आया

पुलिस ने चौरीचौरा में हॉस्पिटल संचालक पर हमले मामले में भले ही रंगदारी का केस दर्ज कर लिया है, लेकिन जांच में आपसी लेनदेन का मामला सामने आ रहा है। एसएसपी दिनेश कुमार प्रभु के मुताबिक, पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुरुआती जांच में पता चला है कि इन लोगों के बीच में लेनदेन का विवाद है और उसे रंगदारी बताया गया है। जांच के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### केस दर्ज कर पुलिस ने की कार्रवाई, मुख्य आरोपित छात्रनेता की तलाश में दबिश

# पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में प्रेमी को पति ने पकड़कर की पिटाई

**गुलरिहा।** इलाके के एक गांव में किराए का कमरा लेकर रहने वाले शख्स ने रविवार की रात पत्नी के साथ युवक को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा। उसने युवक की पिटाई शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपित युवक को हिरासत में लेकर घटना की जांच शुरू कर दी है।

बिहार के सीतामणी जिले का एक शख्स पत्नी के साथ गुलरिहा इलाके में किराए का कमरा लेकर रहता है। वह शाहपुर थाना क्षेत्र के बशारतपुर स्थित एक दुकान पर काम करता है। उसकी पत्नी का बशारतपुर के एक युवक से प्रेम संबंध था। रविवार की रात 12 बजे काम करके जब घर पहुंचा तो उसने पत्नी को प्रेमी के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा। उसने प्रेमी को पकड़ लिया और 112 नम्बर पर पुलिस को सूचना दी।

## पुलिस के हवाले किया, जांच शुरू

पुलिस प्रेमी को पकड़कर गुलरिहा थाने ले गई। पति ने बताया कि इसके पहले जब मैं बशारतपुर में किराए का मकान लेकर रहता था तो वहां भी उसको पकड़ा था। गुलरिहा के थाना प्रभारी विनोद कुमार अग्निहोत्री ने बताया कि आरोपित हिरासत में है। तहरीर नहीं मिली है। तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# DEORIYA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

## अज्ञात बदमाशों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस

**खुखुन्दू ।** मझवलिया पुलिया के पास से छह दिन पूर्व हुई लग्जरी कार लूट के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लखनऊके काकोरी थाना क्षेत्र के सीते बिहार कालोनी दुबग्गा निवासी पप्पू अली पुत्र शाकिर अली की शिफ्ट डिजायर कार 11 जुलाई को तीन लोगों ने लखनऊसे देवरिया आने के लिए बुक कराई। पप्पू अली जब कार लेकर देवरिया पहुंचे तो यहां से फिर तीनों ने चालक से बलिया में किसी से रकम पाने की बात कहकर वहां जाने के लिए कार बुक करा ली। बलिया से लौटते मझवलिया-गड़ेर मार्ग पर मझवलिया स्थित पुलिया के पास चालक का हाथ पैर बांधकर बदमाशों ने उसे पुलिया के नीचें फेंक दिया और कार लेकर भाग निकले। चालक की सूचना पर जांच में मुकद्दमा दर्ज किया गया है।

## अवैध रिवाल्वर व तमंचे के साथ दो गिरफ्तार

**भटनी ।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लल्लन चौराहे से पुलिस ने पड़ोसी राज्य के विजयीपुर थाना क्षेत्र के बिलरूआ निवासी दो व्यक्तियों को एक अवैध रिवाल्वर और तमंचा के साथ गिरफ्तार किया है। बताते हैं कि उपनिरीक्षक श्रीप्रकाश हमराहियों के साथ क्षेत्र भ्रमण कर रहे थे। इसी दौरान थाना क्षेत्र के लल्लन चौराहे के पास दो व्यक्ति संदिग्ध दिखे। पुलिस टीम ने तलाशी के दौरान एक के पास से एक अवैध रिवाल्वर 32 बोर तथा दो जिंदा कारतूस तथा दूसरे के पास से एक अवैध देशी तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। पूछताछ में एक ने अपना नाम रामक्यास यादव पुत्र भूटेली यादव व दूसरे ने अमित यादव पुत्र गौतम यादव बताया। दोनों विजयीपुर थाना क्षेत्र के बिलरूआ गांव के निवासी हैं। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों पर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

राष्ट्रीय सहारा दि. 20/7/21

# दो युवकों को सरिया चोरी के जुर्म में ले गयी बिहार पुलिस

**बरहज (एसएनबी)।** बिहार की राजधानी पटना स्थित एक सरिया कम्पनी से 16 जुलाई को ट्रक पर 16 टन सरिया लादकर चला लेकिन वह अपने नीयत स्थान पर नहीं पहुंचा और बीच रास्ते में ही गोपालगंज मीरगंज थाना क्षेत्र के लुटेरों ने ट्रक चालक को नशीली पदार्थ खिलाकर बेहोश कर दिया और सरिया लदी ट्रक को हाईजैक कर लिया। फैक्ट्री से निकले ट्रक का जब पता नहीं चला तो मामला थाने पर दर्ज हुआ और पुलिस तहकीकात में जुट गयी। 19 जुलाई को पहुंची मीरंगज पुलिस मुकामी पुलिस के सहयोग से बरहज स्थित एक दुकान से सरिया बरामद कर लिया।

पटना रोलिंग मिल से निर्मित सरिया बिहार और यूपी में सप्लाई होती है। नम्बर 2 के कागज से जीएसटी रहित सरिया 35 गाड़ी अपने चिन्हित स्थानों के लिए सप्लाई के लिए भेजी गयी। एक ट्रक जिस पर 16 टन सरिया लदा हुआ था उसे बीच में ही लुटेरों ने चालक को नशीली दवा खिलाकर सरिया सहित ट्रक को लूट लिया। मुहम्मदपुर गोपालगंज में ट्रक को दूसरे कलर में रंग कर यूपी के देवरिया जनपद के बरहज कपरवार मार्ग स्थित एक बिल्डिंग मटेरियल्स के वहां पहुंचा और ट्रक से माल खाली हुआ। मामला बड़ा होने के कारण मीरगंज पुलिस और देवरिया पुलिस कप्तान के बीच वार्ता के बाद बिहार के मीरगंज थाना के सब इंस्पेक्टर अभयनन्द पुलिस टीम के साथ सोमवार को बरहज आ धमके और मुकामी पुलिस के साथ बरहज कपरवार रोड स्थित बिल्डिंग मटेरियल के दुकान से माल बरामद हुआ। इस मामले में नगर के दो लोंग भोला जायसवाल और सन्तोष जायसवाल को गिरफ्तार कर अपने साथ बिहार ले गयी। दोनों के खिलाफ मुकद्मा अपराध संख्या 335/21, 395 तथा 397 के तहत मुकद्मा पंजीकृत किया है।

## बाइक सवार घायल

**सलेमपुर।** स्थानीय कोतवाली थाना क्षेत्र के महदहां तिराहे के समीप बाइक से जा रहे संजय प्रसाद पुत्र स्व0 दिनेश प्रसाद निवासी गोपालपुर को पीछे से आ रही ऑटो ने ठोकर मार दिया जिससे बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों ने घायल का उपचार स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सलेमपुर में कराया।

हिन्दुस्तान दि. 20/7/21

# बिहार पुलिस ने बरहज में बरामद की लूट की सरिया

बरहज | हिसं

बिहार पुलिस ने रविवार रात बरहज कस्बे में बिल्डिंग मटेरियल्स की एक दुकान पर छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने लूट की करीब 15 टन से ऊपर सरिया बरामद की। पुलिस सरिया के साथ दो लोगों को हिरासत में लेकर बिहार गई है।

बिहार प्रांत के मीरगंज थाना क्षेत्र में 16 जुलाई की रात सरिया लदी एक ट्रक को लूट लिया गया था। मामले में मीरगंज पुलिस डकैती, लूट समेत विविध धाराओं में केस दर्ज करते हुए लूटा गया ट्रक बिहार से ही बरामद कर लिया है। बिहार से ही आठ लोगों को हिरासत में लेकर वहां की पुलिस पूछताछ कर रही है। बिहार में पकड़े गए दो लोगों की निशानदेही पर दो कांस्टेबलों के साथ मीरगंज थाने के एसआई अभय नंदन कुमार बरहज पहुंचे। थाने में सूचना देने के बाद स्थानीय पुलिस की मदद से बिहार पुलिस ने रविवार रात में करीब एक बजे एक बिल्डिंग मटेरियल्स की दुकान पर छापेमारी की। वहां 15 टन से ऊपर सरिया बरामद हुई। सरिया के साथ पुलिस पूछताछ के लिए दो लोगों को हिरासत में लेकर बिहार गई है।

## कार्रवाई

- 16 जुलाई की रात बिहार में लूटा गया था सरिया लदा ट्रक
- दो लोगों की निशानदेही पर बरहज पहुंची थी बिहार पुलिस

हिन्दुस्तान दि २७/७/२१

### गोरखपुर से बच्चे को लेकर देवरिया पहुंचा था चोर

# बालक को लेकर भाग रहे चोर को आरपीएफ ने दबोचा

**सफलता**

**देवरिया | निज संवाददाता**

गोरखपुर से बच्चे को चुरा कर टाटा जाने के लिए ट्रेन का इंतजार कर रहे चोर को सदर रेलवे स्टेशन की आरपीएफ टीम ने उसे दबोच लिया। कड़ाई से पूछने पर बच्चा चुराकर टाटा ले जाने की बात कही।

सदर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो व तीन पर आरपीएफ के हेड कांस्टेबल सत्यप्रकाश राय और परमेन्द्र राय की ड्यूटी लगी हुई थी। इसी बीच कुछ लोगों ने उन्हें बताया कि एक युवक मोबाइल पर किसी से बालक को उठा कर लाने की बात कह रहा है। दोनों ने इसकी सूचना आरपीएफ इंस्पेक्टर मनभरन को दी। वह तत्काल कांस्टेबल अभिषेक के साथ प्लेटफार्म नम्बर दो और तीन पहुंचे। आरपीएफ को आता देख कर चोर बालक को छोड़ कर भागने लगा। आरपीएफ ने दौड़ा कर उसे पकड़ लिया। आरपीएफ चोर और बच्चे को पोस्ट पर लाकर पूछताछ किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर चोर ने अपना नाम जयशंकर श्रीवास्तव उर्फ मनीष पुत्र दिनेश निवासी फातिमा चौराहा जिला गोरखपुर बताया।



सदर रेलवे स्टेशन से बरामद बच्चों को परिजनों को सौंपते पुलिसकर्मी। • हिन्दुस्तान

## गायब तीन मासूम स्टेशन से बरामद

**रामपुर कारखाना | हिसं**

बरियारपुर क्षेत्र के तीन मासूम सोमवार की सुबह गायब हो गए थे। इसके बाद उनके घर में हड़कंप मच गया था। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। छानबीन के दौरान तीनों को सोमवार की देर शाम सदर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। तीनों ट्रेन पकड़ कर महराजगंज जिले के नौतनवा चले गए थे। वहां से वापस आने पर पुलिस ने उन्हें सदर रेलवे स्टेशन से बरामद किया।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के गोबराई गांव निवासी प्रियांशु उर्फ आंचल सिंह 11 वर्ष पुत्र दयाशंकर सिंह, अंकुर 12 वर्ष पुत्र सुरेश कुशवाहा एवं नीलेश उर्फ कल्लू कुशवाहा 12 वर्ष पुत्र पन्ने लाल कुशवाहा आपस में दोस्त हैं। तीनों सोमवार कि तड़के घर से टहलने के लिए निकले और वापस नहीं लौटे। परिजनों ने तीनों की तलाश शुरू की। दोपहर तक जब तीनों का कहीं पता नहीं चला तो दयाशंकर सिंह पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और तीनों मासूमों के गायब होने की तहरीर दिया। एसपी डॉक्टर श्रीपति मिश्र के निर्देश पर पुलिस छानबीन में जुट गई।

देर शाम तीनों को देवरिया सदर रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया गया। इसकी सूचना मिलने पर परिजनों के साथ ही जिले की पुलिस ने भी राहत की सांस ली।

हिन्दुस्तान दि. 20/7/21

# वाहन चेकिंग के दौरान असलहा के साथ दो दबोचे

**भटनी।** बिहार प्रान्त के दो अपराधियों को पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान असलहा तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जेल भेज दिया। दारोगा श्रीप्रकाश रविवार की सायं लल्लन चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान एक वाहन पर सवार व्यक्ति पुलिस को देखते ही भागने लगा। मौके पर मौजूद टीम ने दौड़ाकर पकड़ा तो उसके पास से एक 32 बोर का असलहा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पुलिस की पूछताछ से मिली सूचना के आधर पर युवक के साथी को भी एक तमंचा तथा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। असलहे के साथ पकड़े गए रामक्यास यादव तथा अमित यादव बिहार प्रान्त के बिलरुआं विजयीपुर निवासी हैं। इस संबंध में दरोगा श्रीप्रकाश ने बताया कि वाहन चेकिंग के दौरान दोनों के पास से असलहा तथा कारतूस बरामद किया गया है। दोनों के खिलाफ केस आर्म्स एक्ट में केस दर्ज कर चालान कर दिया गया है।

दैनिक जागरण दि 20/7/21

# आपसी भाईचारा व प्रेम के साथ मनाएं त्योहार :डीएम

जागरण संवाददाता, देवरिया : टाउन हाल के आडिटोरियम में बकरीद व श्रावण को लेकर सोमवार को जिला स्तरीय-शांति कमेटी की बैठक में लोगों से त्योहार को आपसी प्रेम व भाईचारे के साथ ही कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए मनाने की अपील की गई।


बैठक में उपस्थित अधिकारी व पुलिस कर्मी • जागरण


टाउनहाल के आडिटोरियम में शांति कमेटी की बैठक को संबोधित करते डीएम आशुतोष निरंजन • जागरण

जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि दोनों त्योहार शासन के निर्देश के अनुपालन में संपन्न कराना प्रथम प्राथमिकता है। कोरोना को देखते हुए त्योहार अपने घरों में मनाएं। बकरीद पर नमाज घरों में अदा करें और कुर्बानी सार्वजनिक स्थल पर न करें। धार्मिक क्रियाकलापों में कोविड प्रोटोकाल का पालन करें। जुलूस पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि अपनी भावनाओं के साथ दूसरों की भावनाओं का भी पूरा ध्यान दें।

पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि कांवड़ मेला, बकरीद को अपने घर में ही मनाएं। जान है तो जहान है। इस पर प्राथमिकता देते हुए व्यक्ति की सुरक्षा के साथ-साथ सभी के जान की सुरक्षा प्रथम दायित्व सभी का होना चाहिए।

अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुंवर पंकज ने कहा कि सरकार के निर्देश का पालन करें। इस दौरान अमित मोदनवाल, नीलेश जायसवाल, सफीकुर रहमान, इमरान समेत अन्य लोगों ने भी बातें रखीं।

इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, एसडीएम सौरभ सिंह, संजीव उपाध्याय, संजीव यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि० 20/7/18

# अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मुकदमा

**जागरण संवाददाता, खुखुंदू :** थाना क्षेत्र के मझवलिया के समीप चालक को बंधक बनाकर लूटी गई कार के मामले में पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ सोमवार को मुकदमा दर्ज कर लिया। साथ ही बदमाशों तक पहुंचने में जुट गई है। पुलिस जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रही है।

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के रहने वाले पप्पू अली कार चालक हैं। 11 जुलाई को चार युवक बलिया जाने के लिए कार को बुक कराए। बलिया में एक होटल में रुकने के बाद 12 जुलाई की रात लखनऊ के लिए चल दिए। रात को लौटते समय मझवलिया के समीप चालक को बंधक बनाकर कार लूट लिए और फरार हो गए। इस मामले में पुलिस ने चालक की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

**बाइक बरामद : देवरिया :** सदर कोतवाली के बसंत की बाइक न्यू कालोनी से रविवार को गायब हो गई। कोतवाली पुलिस तहरीर मिलने के बाद जांच में जुट गई। चौबीस घंटे के अंदर सोमवार को बाइक को लावारिस स्थिति में न्यू

## गांजा के साथ गिरफ्तार

देवरिया : सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने उपनगर के मछली मंडी के समीप से एक युवक को 1 किलो 16 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम अमरजीत यादव बताया। वह सलेमपुर कोतवाली के नदौली गांव का रहने वाला है। पूछताछ के बाद पुलिस ने न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। (जासं)

## आपरेशन हंट के तहत ढूंढे गए दो बच्चे

देवरिया : गौरीबाजार थाना क्षेत्र से दो बच्चे सोमवार की सुबह गायब हो गए। जिले में चल रहे आपरेशन हंट के तहत गौरीबाजार पुलिस ने दोनों बच्चों को पांच घंटे के अंदर बरामद कर लिया और स्वजन को सौंप दिया।

गया है।

दैनिक जागरण दि: 20/7/21

# बरियारपुर से तीन किशोर गायब, 12 घंटे में मिले

जागरण संवाददाता, देवरिया: बरियारपुर थाना क्षेत्र के गोबराइ से सोमवार की तड़के तीन किशोर गायब हो गए। जिसके बाद से सनसनी फैल गई। स्वजन की सूचना के बाद पुलिस सक्रिय हो गई। पूरे जिले में चेकिंग की गई। 12 घंटे बाद देर शाम सदर रेलवे स्टेशन से बरामद किए गए। जिसके बाद पुलिस ने तीनों को स्वजन को सौंप दिया।



देवरिया सदर रेलवे स्टेशन पर मिले गायब तीनों किशोरों के साथ पुलिस टीम ● सौ.पुलिस

गोबराइ गांव के रहने वाले सुरेश सिंह के पुत्र अंकुर, पन्ने लाल के पुत्र नीलेश व दयाशंकर सिंह के पुत्र आंचल सिंह सुबह दौड़ने के लिए महुआनी की तरफ गए थे। इस बीच तीनों गायब हो गए। दस बजे तक जब वह घर नहीं लौटे तो स्वजन उनकी तलाश में जुट गए, लेकिन पता नहीं चल सका। दोपहर बाद स्वजन थाने पर पहुंचे और पुलिस से शिकायत की। इसके बाद महकमे में खलबली मच गई। पुलिस जगह-जगह तलाश में जुट गई। तीनों की उम्र 12 वर्ष बताई जा रही है। पुलिस सदर रेलवे स्टेशन पर उनकी तलाश कर रही थी। इस बीच तीनों प्लेटफार्म संख्या दो पर मिले गए। जिसके पुलिस ने तीनों के स्वजन को बुलाकर सौंप दिया। तीनों ने बताया कि वह घूमने के लिए गोरखपुर चले गए थे। पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र ने कहा कि तीनों किशोर मिल गए हैं। घूमने के लिए गए थे। स्वजन को सौंप दिया गया है।

# रिवाल्वर के साथ दो गिरफ्तार

**खोरीबारी :** भटनी थाना क्षेत्र के लल्लन चौराहे के समीप से पुलिस ने दो युवकों को रविवार की रात रिवाल्वर के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ के बाद पुलिस ने न्यायालय में दोनों को पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक श्रीप्रकाश पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस बीच दो युवक लल्लन चौराहे के समीप नजर आए। पुलिस टीम को देखते ही दोनों भागने लगे। पुलिस टीम ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उनकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उनके पास से दो अदद रिवाल्वर बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम राम क्यास यादव व अमित यादव बताया। दोनों पड़ोसी प्रांत बिहार के विजयीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिलरुआ के रहने वाले हैं। (जासं)

अमर उजाला दि० 20/11/21

# सुबह लापता हुए तीनों बालक शाम को मिले

संवाद न्यूज एजेंसी

## देवरिया रेलवे स्टेशन पर मिले, बताया नौतनवां घूमने चले गए थे

रामपुर कारख़ाना। सोमवार अलसुबह टलहने निकले तीन बालक लापता हो गए। अनहोनी की आशंका से परिजन घबरा गए। दोपहर तक पता न चलने पर घरवालों ने एसपी से गुहार लगाई तब जाकर स्थानीय पुलिस सक्रिय हुई। आखिरकार शाम को वे पुलिस को देवरिया रेलवे स्टेशन पर मिले। उन्होंने बताया कि वे ट्रेन से नौतनवां घूमने चले गए थे।

बरियारपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी तीन नाबालिग दोस्त हर रोज भोर में गांव के चौराहे तक टहलने जाते हैं। रोजाना की तरह सोमवार तड़के तीनों टहलने के लिए गए। वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने तीनों की तलाश शुरू कर दी।

इसके बाद एक के पिता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और तीनों बालकों के लापता होने की तहरीर दी। एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने बरियारपुर थानाध्यक्ष दीपक कुमार को तत्काल मामले की छानबीन के लिए आदेश दिया। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई।

तीनों शाम को सदर रेलवे स्टेशन पर उतरे तो जीआरपी को शक हुआ तो पूछताछ करने लगी तो मामले का खुलासा हो गया। तीनों सुबह ट्रेन से नौतनवां चले गए थे। फिर शाम को नौतनवां से ट्रेन से ही सदर स्टेशन लौट गए। तीनों के मिलने के बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। थानेदार बरियारपुर दीपक कुमार ने बताया कि शाम करीब सात बजे तीनों देवरिया रेलवे स्टेशन पर मिले। उन्हें घरवालों के सुपुर्द कर दिया गया है।

अमर उजाला दि. 20/7/21

# ऑपरेशन हंट : खोजे गए पांच किशोर

**देवरिया।** बरियापुर और गौरी बाजार थाना क्षेत्र के पांच किशोरों के लापता होने की सूचना सोमवार को पुलिस को मिली थी। पुलिस ने मामले में गुमशुदगी दर्ज कर लिया। एक मामला बरियापुर थाने का था, जहां से तीन बालक लापता हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे के सहारे पुख्ता कर लिया था कि तीनों सदर रेलवे स्टेशन पर सुबह आए थे, यहीं से ट्रेन से चले गए है। वहीं गौरी बाजार पुलिस ने तीन घंटे में लापता दो किशोरों को तलाश लिया। गौरतलब है कि एसपी ने एक दिन पूर्व ही ऑपरेशन हंट चलाने का निर्देश दिया था। संवाद

अमर उजाला दि० 20/7/21

# अवैध असलहा के साथ दो गिरफ्तार

**भटनी।** पुलिस ने ऑपरेशन निहत्था के तहत दो युवकों को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहे थे। दोनों बिहार के विज़यीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। भटनी थाना क्षेत्र के लल्लन तिराहे पर एसआई श्रीप्रकाश मय फोर्स वाहन चेकिंग कर रहे थे। पुलिस ने दोनों को पकड़ लिया। दोनों के पास से एक देसी रिवाल्वर, तमंचा व पांच कारतूस बरामद हुए। दोनों पर केस दर्ज किया गया है। युवकों की पहचान बिलरुआ गांव निवासी रामक्यास यादव व अमित

अमर उजाला दि. 20/11/21.

# चिकित्सक समेत पांच का असलहा लाइसेंस निरस्त

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। तीन असलहा रखने वाले एक चिकित्सक समेत पांच लोगों का सोमवार को लाइसेंस निरस्त किया गया।

शासन ने कुछ माह पहले निर्देश दिया था कि जिन लोगों के पास तीन असलहे हैं। उनके एक असलहे का लाइसेंस निरस्त होगा। आदेश के बाद अब तक जनपद में करीब बीस असलहों को लाइसेंस निरस्त किया जा चुका है। इसमें एक छूट जरूर है कि लाइसेंस धारक की मर्जी से ही उसके एक असलहे का लाइसेंस का निरस्त होगा, जो असलहा वह नहीं रखना चाहता है। सोमवार को निरस्त हुए लाइसेंस में सदर कोतवाली के दानोपुर स्थित अस्पताल के संचालक व डॉक्टर अनिरूद्ध सिंह, मलसी गांव निवासी सादिक अली, पकड़ी वीर भद्र गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप शाही, भाली चौर के मुखराम यादव ने बंदूक का व भुजौली कॉलोनी निवासी अमिताभ सिंह के रायफल के लाइसेंस निरस्त किया गया है।

## बंदूक से भंग हो रहा मोह

देवरिया। जानमाल के खतरा बताकर तीन असलहा लेने वालों पर शासन सख्त हुआ तो वह मजबूरी में बंदूक रखने मना कर रहे हैं। इसके कारण अभी तक एक व्यक्ति को छोड़कर सभी ने बंदूक के लाइसेंस को ही सरेंडर करने की हामी भरी है। संवाद

अमर उजाला दि. 20/7/21

# कार लूट में अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

खुखुंदू (देवरिया)। मझवलिया गांव की पुलिया के पास हुई कार लूट में पुलिस ने पांच दिन की जांच के बाद रविवार देर शाम अज्ञात बदमाशों पर लूट का केस दर्ज कर लिया। वारदात को अंजाम देने से पहले बलिया के होटल में ठहरे बदमाशों की पहचान के लिए पुलिस बलिया के होटल में भी गई। यहां सिर्फ आधार नंबर हासिल हुआ है। पुलिस इसी आधार पर बदमाशों तक पहुंचने में जुटी हैं।

इस मामले को अमर उजाला ने 16 जुलाई के अंक में 'हाथ-पैर बांधकर चालक को फेंका और कार लूट ले गए' शीर्षक से प्रकाशित किया था। इसके बाद पुलिस सक्रिय हुई और पांच दिनों की छानबीन के बाद आखिरकार केस दर्ज किया। यह कार्रवाई पीड़ित चालक पप्पू की तहरीर पर की गई है। सूत्रों की माने तो बदमाशों तक पहुंचने का कुछ क्लू भी पुलिस के हाथ लगा है। मगर

अमर उजाला फॉलोअप

## बदमाशों की पहचान के लिए बलिया पहुंची पुलिस को होटल से मिला आधार नंबर

मिलने की बात स्वीकार कर रही है। एसओ अनिल कुमार यादव ने बताया कि चालक की तहरीर पर लूट का केस दर्ज कर लिया गया है। बलिया होटल से सिर्फ आधार नंबर मिला है।

**यह है मामला:** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के सीते बिहार कालोनी दुबग्गा निवासी पप्पू अली की कार 11 जुलाई को तीन लोगों ने लखनऊ से देवरिया आने के लिए बुक कराई। यहां पहुंचने पर कार को बलिया के लिए बुक करा लिया गया। लौटते समय 13 जुलाई की देर रात मझवलिया-गड़ेर मार्ग पर मझवलिया स्थित पुलिया के पास कार चला रहे पप्पू का हाथ पैर बांधकर बदमाशों ने

एहतियात

टाउनहाल आडिटोरियम में आयोजित शांति समिति की बैठक में बोले डीएम

# घरों में रहकर ही मनाएं त्योहार

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** बकरीद व श्रावण मास के त्योहारों को शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर सोमवार को टाउनहाल आडिटोरियम में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक हुई।

इसमें जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन ने कहा कि त्योहारों व पर्वों को आपसी प्रेम व भाईचारे और कोविड-19 के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए मनाएं। उन्होंने कहा कि कोविड-19 को देखते हुए त्योहारों को अपने घरों में ही मनाएं। बकरीद में नमाज घरों में पढ़ें। सार्वजनिक स्थलों पर कुर्बानी न करें। धार्मिक क्रिया-कलापों में कोविड प्रोटोकाल का पालन करें और नई परंपरा व नया कार्य करने से बचें। जुलूस पूरी तरह प्रतिबंधित है। उन्होंने अपील की कि अपनी भावनाओं के साथ दूसरों की भावनाओं का भी पूरा ध्यान रखें।

एसपी डॉ. श्रीपति मिश्र ने कहा कि कांवड़ मेला, बकरीद आदि घरों में रह कर मनाएं। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे कोविड-19 के दिशा निर्देशों का उल्लंघन हो एवं शांति व्यवस्था प्रभावित हो। एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने भी दिशा निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी। अमित मोदनवाल, निलेश जायसवाल, सफीकुर रहमान, इमरान आदि ने भी विचार रखे।



शांति समिति की बैठक को जिलाधिकारी ने संबोधित किया। संवाद

अमर उजाला दि. 29/7/17

# दो कारोबारियों को पुलिस ने पकड़ा

संवाद न्यूज एजेंसी

## छपरा जिले से लूटा गया 18 टन सरिया खरीदने का है आरोप

### मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाले के पास से 15 जुलाई को ट्रक समेत लूटा गया था

**देवरिया/बरहज।** लूट का सरिया खरीदने के आरोप में बिहार पुलिस ने बरहज के दो व्यापारियों को सोमवार को पकड़ा है। इनके पास से 18 टन सरिया भी बरामद हुआ है। इसे छपरा(बिहार) जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाले के पास से 15 जुलाई को ट्रक समेत लूटा गया था।

भागलपुर(बिहार) के थाना नाथनगर क्षेत्र के पटौछा गांव निवासी श्रवण कुमार 15 जुलाई को ट्रक में सरिया लेकर खामपार थाना क्षेत्र के भिंगारी बाजार के लिए चले थे। तभी छपरा जिले के मीरगंज थाना क्षेत्र के जिगना ढाला के पास बदमाशों ने ट्रक को सरिया सहित लूट लिया।

चालक की शिकायत के बाद मामले में पुलिस ने रविवार को छपरा के मढौरा गांव के निकट से खाली ट्रक के साथ आठ संदिग्धों को

से पर्दा उठ गया।

पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि गुठनी, मैरवा और यूपी के बरहज कस्बे के दो कारोबारियों को सरिया बेचा गया है। इस पर बिहार की पुलिस ने सोमवार दोपहर में बरहज कस्बे के कारोबारी भोला जायसवाल और संतोष जायसवाल को पकड़ लिया। दोनों को पुलिस अपने साथ पकड़कर ले गई।

एसओ टीजे सिंह ने बताया कि बिहार के मीरगंज थाने से आए दरोगा अभयनंद ने पुलिस टीम के साथ छापा मारकर दो लोगों को पकड़ा है। इनके पास से ट्रक से लूटा

अमर उजाला दि. 20/7/21

# विवाह मंडप में बैठे दोनों बच्चों को पता ही नहीं था कि शादी हो रही है उनकी

## मौसी की शादी बताकर बालिका को बैठा दिया था मंडप में

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की बालिका और सिवान (बिहार) के एक बालक को रविवार को पुलिस ने विवाह मंडप से उठाया। सोमवार को काउंसिलिंग के दौरान बालिका ने बताया कि उसे मौसी की शादी है, कहकर मंडप में बैठाया गया था। जबकि बालक को चाचा के लिए दुल्हनिया देखने जाने की बात कहकर शादी कराने की तैयारी की गई थी। दोनों बच्चों को यह पता ही नहीं था कि उन्हीं का विवाह कराया जा रहा है।

बाल संरक्षण इकाई ने सोमवार को बालक-बालिका के परिजनों और बच्चों की काउंसिलिंग की। परिजनों को स्पष्ट तौर पर बता दिया गया कि लड़की की 18 साल की उम्र और लड़के की 21 वर्ष की आयु से पहले शादी नहीं कराई जा सकती। इससे कम आयु में विवाह कराना गैरकानूनी है और दो साल तक की जेल और साथ में एक लाख रुहो सकती है। बाल कल्याण समिति के अधिकारी जेपी तिवारी ने बताया कि दोनों परिवार मान गए हैं। दोनों के बालिग होने पर शादी करेंगे। इन दोनों पर बाल संरक्षण समिति की नजर रहेगी।

> **बालिका वधू : मंदिर में हो रहा था विवाह, 12 लोग पकड़े गए**
>
> **बिहार के एक मंदिर में हो रही थी देवरिया की बच्ची की शादी**
>
> संवाद न्यूज एजेंसी
>
> दूल्हा भी नाबालिग, घरवालों ने पुलिस को गलत लोकेशन देकर घंटों भटकाया
>
> देवरिया/लार। लार थाना क्षेत्र के एक गांव की 12
>
> 19 जुलाई के अंक में प्रकाशित खबर।

दोनों बच्चों से आज काउंसलर अर्चना और बाल संरक्षण अधिकारी ने बात की तो उन्होंने अपनी शादी करवाए जाने से अनभिज्ञता जाहिर की। बालिका को बताया गया था कि मौसी की दूसरी शादी होनी है। उसमें चलना है क्योंकि मौसा की कुछ समय पहले मौत हो गई थी। जबकि बालक को परिजनों ने चाचा की शादी के लिए दुल्हन देखने और पूजा पाठ कराने के लिए मंदिर आने की बात की थी।

**बालक को बताया गया कि चाचा के लिए मंदिर में दुल्हनिया देखने आए हैं**

**बाल कल्याण समिति ने परिजनों को बच्चों के बालिग होने पर ही शादी करने को कहा**

रविवार को बाल विवाह की शिकायत पर एसपी डा.श्रीपति मिश्र ने टीम भेजकर शादी रूकवा दी थी। दोनों को बिहार के सिवान जिले के मैरवां स्थित चंदनियां माता मंदिर से बालिका व बालक को बरामद कर लिया। बाल विवाह में शामिल एक दर्जन के करीब घराती व बरातियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर थाने चली आई थी। बाद में शाम को सभी को छोड़ दिया गया था।

# KUSHINAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# पुलिसकर्मियों की हुई कोरोना जांच

**कसया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया की रैपिड रेस्पॉन्स टेस्टिंग टीम नंबर 24 ने नोडल अधिकारी डॉ संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कुशीनगर पुलिस चौकी पर 30 पुलिस कर्मचारियों का कोविड 19 परीक्षण किया गया। सभी निगेटिव पाए गए।

इसके तहत आरटीपीसीआर परीक्षण के लिए सैंपल मेडिकल कालेज, गोरखपुर भेजा गया। इस टीम द्वारा अबतक 95 सरकारी कर्मचारियों का परीक्षण हो चुका है। सभी निगेटिव रहे हैं। डॉ सिंह ने बताया कि सचल दस्ते का यह अभियान 16 जुलाई से चल रहा है जो 25 जुलाई तक चलेगा। कैंप लगाकर लोगों की कोरोना की जांच क जाएगी। चौकी प्रभारी जगमेंदर कुमार, सच्चिदानंद तिवारी, मीरा दूबे, श्रवण यादव, मुजफ्फर अंसारी, सुशील शुक्ल आदि उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत से मिली 160 पेटी हरियाणा निर्मित शराब

समउर बाजार | **हिन्दुस्तान संवाद**

पटहेरवा थाने की पुलिस ने रविवार रात क्षेत्र के समउर-तमकुही मार्ग से निकल कर रकबा जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित एक गन्ने के खेत से 160 पेटी हरियाणा निर्मित देशी शराब की बरामद किया। जबकि चर्चा यह भी है कि पुलिस द्वारा इस मार्ग पर घेराबंदी कर शराब लदी तीन पिकअप को पकड़ कर थाने लाते समय समउर बाजार कस्बे से गुजर रही एक अन्य पिकअप को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक गाड़ी समेत भाग निकला।

थानाध्यक्ष पटहेरवा सुनील कुमार सिंह ने पुलिस फोर्स संग रविवार देर रात समउर-तमकुही मार्ग से निकल बिहार जाने वाले मार्ग के किनारे झरही के पास एक गन्ने के खेत से अवैध शराब बरामद किया। बारिश की वजह से कार्टून भींग कर सड़ गए थे। पुलिस ने 160 पेटी शराब बरामद कर थाने लेकर चली गयी। जबकि कस्बे में चर्चा यह भी है कि पुलिस घेराबंदी कर बिहार की तरफ जा रही तीन पिकअप पकड़ कर थाने ले जा रही थी इसी दौरान कस्बे से बिहार के तरफ एक अन्य पिकअप पुलिस के सामने से गुजरी जिसे पुलिस ने रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तेज रफ्तार में पिकअप सहित भाग निकला।

# पूर्व सीएम अखिलेश पर अमर्यादित टिप्पणी, केस

**पटहेरवा।** एक फेसबुक यूजर को पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व पूर्व सांसद बालेश्वर यादव के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करना भारी पड़ गया है। उसके खिलाफ पटहेरवा पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

शनिवार की शाम समाजवादी पार्टी के फाजिलनगर विधान सभा अध्यक्ष हीरालाल यादव के नेतृत्व में दर्जन भर सपाइयों ने एसओ सुनील कुमार सिंह को पत्रक सौंप कर फेसबुक यूजर विष्णु यादव के खिलाफ तहरीर दी। सपाईयों का आरोप था कि उक्त फेसबुक यूजर द्वारा लगातार पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश सिंह यादव व पूर्व सांसद बालेश्वर यादव के खिलाफ अशोभनीय टिप्पणी सोशल मीडिया पर वायरल कर रहा है।

## जनता की समस्याओं का हर हाल में पांच दिनों में करना होगा निस्तारण

# एडीजी जोन व आईजी रेंज को दो थानों का करना होगा निरीक्षण

**निर्देश**

- दूसरे व चौथे शनिवार को आयोजित होंगे थाना दिवस
- एसपी-एएसपी थानों पर आधे समय तक मौजूद रहेंगे

लखनऊ | **प्रमुख संवाददाता**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के गृह विभाग ने थाना दिवस की गंभीरता से समीक्षा और निगरानी करने का फैसला किया है। इस संबंध में सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा गया है कि हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को होने वाले थाना दिवस पर एडीजी जोन और आईजी या डीआईजी रेंज को कम से कम दो थानों का दौरा करना जरूरी होगा। यह पूरी कार्रवाई कोविड प्रोटोकॉल के तहत की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने 13 जुलाई को निर्देश दिए थे कि हर महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को थाना दिवस आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने थाना दिवस पर प्राप्त होने वाली जन सामान्य की समस्याओं का हर हाल में पांच दिनों के अंदर निस्तारण करने का निर्देश भी दिया था। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने सोमवार को इस संबंध में प्रदेश के चारों पुलिस आयुक्तों तथा सभी जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों दिशा-निर्देश जारी किया।

इसमें कहा गया है कि जिले स्तर पर थाना दिवस की समीक्षा के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। नोडल अधिकारी द्वारा थाना दिवस में समस्याओं के निस्तारण की सूचना सभी जनसामान्य को दिए जाने की व्यवस्था भी जाएगी। निर्देशों में कहा गया है कि थाना दिवस ऐसी खुली जगहों पर आयोजित किया जाएं, जहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आवेदकों की बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो।

थाना दिवस के आयोजन के पूर्व सेनेटाइजेशन का अवश्य किया जाए। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग की जाए। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी एवं आवेदक में कोविड-19 के संक्रमण का लक्षण पाए जाने पर संबंधित जिले के सीएमओ को सूचित कर आगे की कार्रवाई की जाए। थाना दिवस पर आने वाले व्यक्तियों के लिए कोविड प्रोटोकॉल यथा दो गज दूरी, मास्क की अनिवार्यता तथा स्थल पर सेनेटाइजर व हाथ धोने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए। हेल्प डेस्क स्थापित कर यह भी बताया जाए कि मास्क का उपयोग न किए जाने पर दंड का प्रावधान है।

### थाना दिवस के आयोजन पर निगाह रखें

अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि सभी जोनल एडीजी तथा आईजी-डीआईजी रेंज थाना दिवस के दिन स्वयं अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कम से कम दो-दो थानों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि थाना दिवस का आयोजन निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसी तरह सभी एसएसपी/एसपी एवं एएसपी से कहा गया है कि वे अपने-अपने जिले के किन्हीं दो-दो थानों पर आधा-आधा समय के लिए उपस्थित रहेंगे।

क्षेत्राधिकारी (सीओ) अपने क्षेत्र के किसी एक थाने पर पूरे समय तक उपस्थित रहेंगे।

# वांछितों की तलाश, बसहिया में छापेमारी

**जागरण संवाददाता, पडरौना:** पशु तस्करी समेत अन्य संगीन मामलों में फरार चल रहे आधा दर्जन वांछितों की तलाश में पुलिस टीम ने सोमवार को बसहिया गांव में छापेमारी की। इस दौरान मिले तीन संदिग्धों से पुलिस ने कड़ी पूछताछ की।

एएसपी एपी सिंह पुलिस टीम के साथ शाम को बसहियां पहुंचे। पशु तस्करी के मामले में वांछित सैफुद्दीन, असलम, पिंटू सहित आधा दर्जन वांछितों के घर की तलाशी ली गई। हालांकि, इस दौरान आरोपित घर में नहीं मिले। पुलिस टीम ने पशु वध की आशंका में लगभग एक दर्जन घरों में छापेमारी भी की। मौके से मांस या पशु नहीं मिले। तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पुलिस ने उनसे कड़ी पूछताछ की। इसके पश्चात पुलिस टीम ने पूरे गांव में पैदल मार्च किया। पुलिसिया कार्रवाई के बाद तस्करों में भय का माहौल रहा।



बसहिया में छापेमारी के दौरान एएसपी एपी सिंह (दाएं से दूसरे) के साथ पुलिस • जागरण

एएसपी ने बताया कि फरार चल रहे वांछितों की तलाश में आज छापेमारी की गई। गांव में पशु तस्करी व पशुओं के अवैध ढंग से काटे जाने के मामलों पर रोक लगाना पुलिस की प्राथमिकता है। तस्करी में लिप्त लोगों के विरुद्ध गैंगस्टर के तहत कार्रवाई होगी। कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने बताया कि संदिग्धों पर पुलिस की कड़ी नजर है। एसएसआइ अमित कुमार राय, दारोगा आलोक यादवआदि पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार

**जासं, कुबेरस्थान:** पवित्र श्रावण मास तथा बकरीद के त्योहार को लेकर सोमवार को कुबेरस्थान थाने में शांति समिति की बैठक हुई। इस दौरान थानेदार ने भाईचारे के साथ त्योहार मनाने की अपील की। उपस्थित दोनों ही समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे के धर्मों का आदर करने तथा शांतिपूर्वक माहौल में त्योहार सकुशल संपन्न कराने का विश्वास दिलाया।



कुबेरस्थान थाने में पीस कमेटी की बैठक करते थानाध्यक्ष उमेश कुमार दाएं ● जागरण

बैठक में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने कहा कि पवित्र श्रावण मास शुरू होने जा रहा है। जलार्पण के लिए कुबेरधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ इकट्ठा होती है। इसे लेकर विशेष इंतजाम किया गया है। शारीरिक दूरी व मास्क अनिवार्य होगा। मंदिर तथा आसपास के क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती के साथ ही महिला पुलिसकर्मी भी मुस्तैद रहेंगी। सादेवेश में भी पुलिसकर्मी मौजूद रहेंगे। संदिग्धों पर पुलिस की कड़ी नजर होगी। अफवाह फैलाने तथा कानून व्यवस्था में खलल डालने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उनकी जगह हवालात होगी। कहा कि बकरीद के त्योहार को लेकर पुलिस सतर्क है। कुर्बानी सार्वजनिक स्थलों पर नहीं घरों में होगी। इसका उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई होगी। अजय नाथ तिवारी, सुरेंद्र गुप्त, अनिल तिवारी, मोहन खरवार, दुर्गा दयाल तिवारी, राजेश चौबे आदि मौजूद रहे।

# पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी पर मुकदमा

**जासं, पटहेरवा :** पटहेरवा पुलिस ने पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व सांसद के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले व्यक्ति के खिलाफ विभिन्न धाराओं सहित आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

बीते शनिवार शाम को समाजवादी पार्टी के फाजिलनगर विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष हीरालाल यादव के नेतृत्व में दर्जन भर सपाइयों ने प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह को पत्रक सौंप फेसबुक यूजर विष्णु यादव के खिलाफ तहरीर दी थी। आरोप था कि उक्त फेसबुक यूजर द्वारा लगातार पूर्व सीएम अखिलेश यादव व पूर्व सांसद बालेश्वर यादव के खिलाफ अमर्यादित व अशोभनीय टिप्पणी की जा रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दियारा में विद्युत आपूर्ति शुरू करने को लेकर बढ़े कदम

## वन क्षेत्र में पोल लगाने पर विधायक ने की अधिकारियों संग बैठक

**जागरण संवाददाता, खड्डा:** विकास खंड खड्डा के दियारा के गांव मरिचहवा, शिवपुर, बसंतपुर, नारायनपुर, हरिहरपुर समेत पड़ोसी जनपद महाराजगंज के निचलौल ब्लाक के सोहगीबरवा, बसही, शिकारपुर आदि गांवों में एक वर्ष से ठप विद्युत आपूर्ति बहाल करने की तरफ कदम बढ़ रहे हैं।

सोमवार को एसडीएम अरविंद कुमार, अधीक्षण अभियंता राकेश गुप्ता के साथ विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने मदनपुर जंगल के गेस्ट हाऊस में असिस्टेंट कंजरवेटर अमृता राज के साथ बैठक की। इस दौरान वन परिक्षेत्र व यूपी की भूमि की पैमाइश कराने के बाद विद्युत पोल लगवाने पर सहमति बनी।

बीते वर्ष बाढ़ की वजह से दर्जनों विद्युत पोल नदी में बह गए थे। तभी से दियारा की करीब 25000 आबादी अंधेरे में रहने को मजबूर है। बिजली के अभाव में जहरीले जंतुओं, जंगली व जलीय जीव-जंतुओं का डर बना रहता है। विधायक जटाशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर दियारा की समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।



मदनपुर वन क्षेत्र के गेस्ट हाऊस में वन विभाग के असिस्टेंट कंजरवेटर अमृता राज से वार्ता करते विधायक जटाशंकर त्रिपाठी बाएं ● जागरण

मुख्यमंत्री ने विद्युत विभाग के सचिव व डीएम एस राजलिंगम को आपूर्ति बहाल कराने का निर्देश दिया था। उसके अनुपालन में डीएम ने एसडीएम अरविंद कुमार को बिहार प्रांत के मदनपुर वन प्रखंड के उच्चाधिकारियों के साथ टीम गठित कर संयुक्त बैठक करने को निर्देशित किया है। उसी क्रम में मदनपुर गेस्ट हाऊस में अधिकारियों संग विधायक ने बैठक की।

# ग्रामीणों ने कोतवाल को किया सम्मानित

**जासं.पडरौना:** कोविड नियमों का कड़ाई से पालन कराने, पंचायत चुनाव सकुशल संपन्न कराने तथा क्षेत्र की कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखने को लेकर गांव सिरसिया के ग्रामीणों ने सोमवार को कोतवाली पडरौना के प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।



मिश्रौली पुलिस चौकी पर एसएचओ अनुज कुमार सिंह को सम्मानित करते प्रधान सुनील दीक्षित ● जागरण

ग्रामीणों ने कोतवाली पुलिस की कार्य-प्रणाली की सराहना की। मिश्रौली पुलिस चौकी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अश्विनी पांडेय ने कहा कि बीते दिनों हुए पंचायत चुनाव को सकुशल संपन्न कराने तथा कोविड नियमों का सख्ती से अनुपालन कराने में कोतवाली पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका रही। प्रधान सुनील कुमार दीक्षित ने ग्रामीणों की तरफ से आभार जताया। कोतवाल व चौकी प्रभारी आहुत यादव को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

इस मौके पर कोतवाल ने कहा कि नागरिकों का यह सम्मान उनके लिए सबसे बड़ी पूंजी है। नागरिकों की सेवा के लिए पुलिस दिन रात तत्पर रहती है। आनंद दीक्षित, आद्या राय, सगीर, रामू पांडेय, तारकेश्वर दीक्षित सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# 30 पुलिसकर्मियों की हुई कोरोना जांच

## कुशीनगर पुलिस चौकी पर कैंप लगाकर कोरोना की जांच की

संवाद न्यूज एजेंसी

**कसया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसया की रैपिड रिस्पांस टीम ने सोमवार को कुशीनगर पुलिस चौकी पर कैंप लगाकर पुलिसकर्मियों के कोरोना संक्रमण की जांच की। इस मौके पर 30 पुलिसकर्मियों के कोरोना संक्रमण की जांच की गई। नोडल अधिकारी डॉ. संजय कुमार सिंह की अगुवाई में स्वास्थ्य टीम के स्वास्थ्यकर्मी सोमवार को पुलिस चौकी कुशीनगर के 30 पुलिस कर्मचारियों का कोविड-19 परीक्षण किया।

इसमें सभी निगेटिव पाए गए। आरटीपीसीआर परीक्षण के लिए सैंपल मेडिकल कॉलेज गोरखपुर भेजा गया है। टीम अब तक 95 सरकारी कर्मचारियों का परीक्षण कर चुकी है। सभी निगेटिव रहे हैं। डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि सचल दस्ते का यह अभियान 16 जुलाई से चल रहा है। अभी 25 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान चौकी प्रभारी जगमेंदर कुमार, सच्चिदानंद तिवारी, मीरा दुबे, श्रवण यादव, मुजफ्फर अंसारी, सुशील शुक्ल आदि मौजूद रहे।



कुशीनगर पुलिस चौकी पर कोरोना की जांच कराते पुलिसकर्मी। संवाद

# एसपी ने निरीक्षण कर दिए जरूरी निर्देश

**रामकोला।** ब्लॉक प्रमुख शपथ ग्रहण समारोह को लेकर एसपी ने सोमवार की देर शाम कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों को जरूरी निर्देश दिया।

एसपी सचिंद्र पटेल पुलिस कर्मियों के साथ रामकोला ब्लॉक परिसर का निरीक्षण किया। उन्होंने शपथ ग्रहण समारोह स्थल का निरीक्षण कर जरूरी जानकारी ली। एसपी ने रामकोला एसओ डीके सिंह को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान कार्यक्रम स्थल पर अनावश्यक भीड़ नहीं होने दें। संवाद

# पूर्व सीएम और पूर्व सांसद पर टिप्पणी करने पर केस

संवाद न्यूज एजेंसी

**पटहेरवा।** पुलिस ने पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और पूर्व सांसद बालेश्वर यादव के खिलाफ सोशल मीडिया पर अभद्र व अमर्यादित टिप्पणी करने वाले फर्जी फेसबुक यूजर के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस अब इस मामले में जांच पड़ताल करने में जुटी है।

शनिवार शाम सपा नेता शुभम यादव, फाजिलनगर विधान सभा क्षेत्र अध्यक्ष हीरालाल यादव समेत अन्य सपा कार्यकर्ताओं ने एसओ को तहरीर सौंपा था। सपा नेताओं ने बताया था कि सोशल मीडिया पर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व सीएम के

**पुलिस अब इस मामले में जांच पड़ताल करने में जुटी है**

खिलाफ एक व्यक्ति ने अभद्र व अशोभगनीय टिप्पणी की है। इसके अलावा इसी यूजर ने पूर्व सांसद बालेश्वर यादव के खिलाफ भी अभद्र टिप्पणी किया था। सपा कार्यकर्ताओं ने मामले में त्वरित कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी विष्णु यादव के खिलाफ आईटी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

एसओ सुनील कुमार सिंह ने बताया कि आईटी एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। जांच की जा रही है। आरोपी की वास्तविक डिटेल को ट्रेस कर जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# भ्रूण हत्या के आरोप में एसएसबी जवान को जेल

## कार्रवाई

बृजमनगंज | हिन्दुस्तान संवाद

बृजमनगंज क्षेत्र के शिवपुर गांव में शनिवार की शाम एक गर्भवती महिला के पेट में लात मारकर भ्रूण हत्या के आरोपी एसएसबी जवान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे जेल भेज दिया है।

शिवपुर गांव के अछैबर टोला में शनिवार की शाम पुरानी रंजिश को लेकर रमाशंकर और रामा साहनी के बीच मार पीट हो रही थी। इसी दौरान रमाशंकर की गर्भवती बहन बीच-बचाव में आ गई। आरोप है कि एसएसबी जवान रामा साहनी ने उसके पेट में लात मार दिया, जिससे पांच माह का भ्रूण बाहर आ गया। एसओ कमलेश सिंह ने बताया कि आरोपी रामा साहनी निवासी शिवपुर को सोमवार की सुबह विजय सलहिया तिराहे से गिरफ्तार किया गया। संबंधित धाराओं में दर्ज केस के तहत उसे जेल भेज दिया गया।

## ससुर की शिकायत लेकर कोतवाली पहुंची महिला

टूठीबारी। टूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला अपने ससुर व पड़ोसी पर छेड़खानी का आरोप लगाते हुए कोतवाली पहुंच गई। पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। तहरीर में लिखा है कि उसके पति रोजी-रोटी के सिलसिले में विदेश कमाने गए हैं। बच्चों के साथ वह घर में अकेले रहती है। उसके ससुर व पड़ोसी दोनों उसके साथ छेड़छाड़ करते हैं। कहा कि पहले वह लोकलाज से कुछ नहीं कह रही थी। इस संबंध में प्रभारी कोतवाल भगवान बक्स सिंह का कहना रहा कि जांच में छेड़खानी का आरोप सही नहीं मिला।

## अवैध बालू खनन में पकड़ी गई ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**नौतनवा:** एसडीएम रामसजीवन मौर्य ने रविवार देर रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान पुरुषोत्तमपुर गांव से अवैधबालू खनन के आरोप में एक ट्रैक्टर-ट्राली को पकड़ लिया। चालक फरार हो गया। वाहन परसामलिक पुलिस को सुपुर्द कर दिया। (जासं.)

## बाइक की ठोकर से घायल

**चिउटहा:** कोठीभार थाना क्षेत्र के बेलभरिया में बाइक की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे एम्बुलेंस से जिला अस्पताल ले जाया गया। बेलभरिया निवासी छोटेलाल खेत की तरफ जा रहे थे। इसी बीच पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने उन्हें ठोकर मार दी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गए। (जासं.)

## मोटरसाइकिल सवार घायल

**भिटौली:** घुघली थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 730 पर सेमराराजा टोल प्लाजा के पास सोमवार को दोपहर दो बजे परतावल के तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल सवार कलीमुल्लाह सिद्दीकी निवासी महासोन थाना तुर्कपट्टी जिला कुशीनगर से महराजगंज रिश्तेदारी में जा रहे थे। मोटरसाइकिल टोल प्लाजा के पास रखी एक ड्रम में टकरा गई जिससे उनका सिर फट गया। पीआरवी 112 की टीम ने घायल व्यक्ति को सदर अस्पताल भेजा। (जासं.)

## कार्रवाई की मांग

**भिटौली:** परतावल विकास खंड के कम्हरिया खुर्द में दबंगों द्वारा गांव की खुली बैठक में सदस्यों के न पहुंचने से समिति का गठन न होने और विकास कार्य ठप होने को लेकर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष एजाज खान एवं जिला महासचिव आशीष कुमार गौतम के नेतृत्व में अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर दबंगों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग

# नेपाल में शुरू हुआ भारतीय बाइक पकड़ने का अभियान

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में पुलिस ने भारतीय मोटरसाइकिलों की धरपकड़ का अभियान शुरू कर दिया है। कोरोना के कारण नेपाल में भारतीय बाइकों के प्रवेश पर प्रतिबंध है। बावजूद इसके खुली सीमा की पगडंडियों से नेपाल जाने की शिकायत पर नेपाल की पुलिस ने यह अभियान शुरू किया है।

दो दिन में विभिन्न स्थानों पर 30 भारतीय नंबर प्लेट की मोटरसाइकिलें पकड़ी गई हैं। जिन्हें पुलिस ने जब्त कर लिया है। रविवार की देर रात कपिलवस्तु जिले के जहदी नगर पालिका से एक मोटरसाइकिल पकड़ी गई। जिसे लेकर जा रहे मातेश्वर यादव के पास से एक कट्टा व कारतूस भी बरामद हुआ। रौतहट जिले में पूरे दिन चले चेकिंग अभियान में 29 भारतीय मोटरसाइकिलें पकड़ी गईं। चंद्रपुर गांव के पास एक भारतीय नंबर की कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया।

रौतहट ट्रैफिक के प्रहरी प्रमुख ज्ञान बहादुर मांझी का कहना है कि चेतावनी के बाद भी लोग भारतीय वाहन लेकर नेपाल के गांवों में आ

# गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**जागरण संवाददाता, कोल्हुई :** भारत-नेपाल सीमा पर स्थित जोगियाबारी में पुलिस क्षेत्राधिकारी फरेंदा सुनील दत्त दुबे व एसएसबी उपनिरीक्षक गांधीराम के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पगडंडियों व गांव के विभिन्न रास्तों पर तस्करी व देश विरोधी गतिविधियों के मद्देनजर पेट्रोलिंग की गई। साथ ही बार्डर क्षेत्रों में बसे गांव के लोगों को सुरक्षा का विश्वास दिलाया।

पुलिस क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने बताया कि तस्करी व विभिन्न प्रकार के अवैध कार्यों पर नकेल कसने के लिए यह गश्त की गई।

थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी जोगियाबारी गुलाब सिंह यादव, कास्टेबिल विनय कुमार, कास्टेबिल आजाद अंसारी सहित पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम मौजूद रही।



सीमा पर गश्त करते पुलिसकर्मी व एसएसबी के जवान● जागरण

**कानून व्यवस्था में व्यवधान बर्दाश्त नहीं होगा:** बृजमनगंजः बृजमनगंज थाना परिसर में सोमवार को बकरीद और नाग पंचमी त्योहार में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए पीस कमेटी की बैठक उपजिलाधिकारी फरेंदा अभय कुमार गुप्ता व सीओ सुनील दत्त दुबे की अध्यक्षता में हुई।

उप जिलाधिकारी ने कहा कि ने कहा कि त्योहार को सौहार्दपूर्ण के साथ मिलजुल कर मनाएं तथा एक-दूसरे का सहयोग करें। किसी प्रकार का मतभेद न रखे। सीओ फरेंदा ने कहा कि कानून व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।माहौल बिगाड़ने वालों से पुलिस कड़ाई से पेश आएगी। मास्क लगाएं व सफाई पर ध्यान दें। शारीरिक दूरी का भी पालन करें।

इस अवसर पर थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह, एसआई उमाकांत सरोज,कांस्टेबल प्रेम शंकर दुबे, कांस्टेबल धनंजय खरवार,कांस्टेबल विनोद कुमार मौजूद रहे।

# महिला से मारपीट में एसएसबी जवान को जेल

**जासं, आनंदनगर :** बृजमनगंज क्षेत्र के शिवपुर अदरौना अछैबर टोला में शनिवार को दो पक्षों में पेड़ काटने के विवाद में हुई मारपीट के दौरान चोट लगने से महिला का गर्भपात हो गया। मारपीट के आरोप में पुलिस ने एसएसबी जवान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। महिला मायके आए हुई थी।

मामले में महिला के भाई रमाशंकर पाल की तहरीर पर गांव निवासी एसएसबी जवान रामा सहानी के खिलाफ मुकामी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। असम में तैनात एसएसबी जवान छुट्टी पर घर आया था। उसे सोमवार सुबह विजय सलहिया तिराहे से लेहड़ा चौकी इंचार्ज हरिकिशोर मिश्र ने गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष कमलेश सिंह ने बताया कि भ्रूण नष्ट करने व मारपीट के मामले में अभियुक्त रामा सहानी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



बृजमनगंज थाने में गिरफ्तार आरोपित के साथ पुलिस टीम● जागरण

# पुलिस और एसएसबी ने गश्त की



भारत-नेपाल सीमा पर गश्त करती पुलिस व एसएसबी की टीम।

**कोल्हुई।** भारत-नेपाल सीमा पर जोगियाबारी में सीओ सुनील दत्त दूबे व एसएसबी उपनिरीक्षक गांधीराम के नेतृत्व में पुलिस व एसएसबी की संयुक्त टीम ने पगडंडियों पर पेट्रोलिंग की। सीओ ने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गश्त की गई है। इस मौके पर थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, चौकी प्रभारी जोगियाबारी गुलाब सिंह यादव आदि मौजूद रहे। संवाद

# 'आपसी भाईचारे के साथ मनाएं त्योहार'

## जिले के कई थानों में पीस कमेटी की हुई बैठक में शांति और सुरक्षा के मसले पर जोर दिया गया



कोल्हुई थाने में पीस कमेटी की बैठक करते सीओ सुनील दत्त दुबे। संवाद



फरेंदा थाने में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद पुलिस अधिकारी। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले के कई थानों में सोमवार दोपहर बाद पीस कमेटी की बैठक कर क्षेत्र में शांति सुरक्षा के मसले पर जोर दिया गया। फरेंदा, कोठीभार, बृजमनगंज, कोल्हुई, सिंदुरिया, पनियरा थाना परिसर में बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र में होने वाली हलचल के बारे में जानकारी देने की अपील की।

फरेंदा संवाद के अनुसार थाना परिसर में सोमवार को दिन में करीब 4 बजे पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। सीओ सुनील दत्त दुबे ने कहा कि बकरीद और रक्षाबंधन का त्योहार दोनों बेहद महत्वपूर्ण है। इसे आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा की सोशल मीडिया पर किसी भी तरह के भ्रामक पोस्ट आते हैं तो उस पर कत्तई ध्यान न दें। प्रभारी निरीक्षक गिरिजेश उपाध्याय, जिला पंचायत सदस्य परमानंद तिवारी, रफीउल्लाह मौजूद रहे।

कोल्हुई संवाद के अनुसार थाना परिसर में सोमवार दोपहर बाद 2 बजे पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम फरेंदा अभय कुमार गुप्ता ने कहा कि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें। क्षेत्राधिकारी फरेंदा सुनील दत्त दुबे ने कहा कि त्योहारों को आपसी भाई चारे के साथ मनाएं। इस दौरान थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप पांडेय आदि मौजूद रहे। बृजमनगंज संवाद के अनुसार थाना परिसर में बैठक के दौरान एसडीएम फरेंदा अभय कुमार गुप्ता एवं क्षेत्राधिकारी फरेंदा सुनील दत्त दुबे ने क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह, उपनिरीक्षक उमाकांत सरोज आदि मौजूद रहे। मिठौरा संवाद के अनुसार सिंदुरिया थाने पर सोमवार को एसडीएम निचलौल प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। सीओ सदर अजय सिंह चौहान ने कहा कि खुले में कुर्बानी न करें। इस अवसर थाना प्रभारी अजीत कुमार, उप निरीक्षक मनोज कुमार यादव आदि मौजूद रहे। पनियरा संवाद के अनुसार थाना परिसर में नवागत थाना प्रभारी हरेन्द्र कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान वीरेन्द्र निषाद, सतीश चौहान,मनोज कुमार, राजू सहानी आदि मौजूद रहे।

# एसएसबी जवान को जेल भेजा गया

बृजमनगंज। पुलिस ने भ्रूण हत्या के आरोपित एसएसबी जवान को सोमवार को जेल भेज दिया।

शिवपुर अदरौना में शनिवार शाम को पुरानी रंजिश में रामशंकर एवं एसएसबी रामा सहानी के बीच मारपीट हुई थी। भाई रमाशंकर को मार खाते देख बहन अनीता बीच बचाव करने लगी। छुट्टी पर घर आए एएसएसबी जवान ने अनीता की पिटाई कर दी।

गंभीर चोट आने से अनीता के गर्भ में पल रहे नवजात का गर्भपात हो गया। थानाध्यक्ष कमलेश प्रताप सिंह ने बताया कि अनीता के भाई रमाशंकर की तहरीर पर एसएसबी जवान रामा सहानी के विरुद्ध मारपीट करने सहित भ्रूण हत्या का मुकदमा कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# ब्लॉक प्रमुखों का शपथ ग्रहण आज, तैयारियां पूरीं

**महराजगंज।** जिले में निर्वाचित 12 ब्लॉक प्रमुखों व 1154 क्षेत्र पंचायत सदस्यों मंगलवार सुबह 11 बजे से विकास खंड कार्यालय में शपथ दिलाई जाएगी। इसके लिए जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शपथ लेने के बाद नई कार्यकारिणी अस्तित्व में आ जाएगी। इसके बाद पहली बैठक में विकास की रूपरेखा बनेगी। शपथ ग्रहण के बाद ब्लॉकों में विकास कार्यों की रफ्तार भी बढ़ेगी।

क्षेत्र पंचायत सदर, फरेंदा, निचलौल व नौतनवां ब्लॉक में संबंधित तहसील के एसडीएम, परतावल में परियोजना निदेशक डीआरडीए, पनियरा में सदर तहसीलदार, घुघली में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, सिसवां में तहसीलदार निचलौल, मिठौरा में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, लक्ष्मीपुर में तहसीलदार नौतनवां, बृजमनगंज में तहसीलदार फरेंदा तथा धानी में उपायुक्त श्रम रोजगार ब्लॉक प्रमुखों को शपथ दिलाएंगे। इसके बाद ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्यों को शपथ दिलाएंगे।

**क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ब्लॉक प्रमुख पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे**

जिला पंचायत राज अधिकारी कृष्ण बहादुर वर्मा ने बताया कि शपथ ग्रहण के लिए जिम्मेदार नामित कर दिए गए हैं। सभी को समय से शपथ ग्रहण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह स्थल पर सुरक्षा के भी व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

उधर सबसे कम 33 बीडीसी सदस्य धानी तथा सबसे अधिक 127 बीडीसी सदस्य निचलौल में शपथ लेंगे। पनियरा में 103, परतावल में 107, घुघली में 105, सदर में 97, मिठौरा में 113, सिसवा में 75, नौतनवां में 116, लक्ष्मीपुर में 106, फरेंदा में 87 और बृजमनगंज में 97 बीडीसी सदस्य शपथ लेंगे। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# गुंडा एक्ट में किया पाबंद

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने दो लोगों को गुंडा एक्ट के तहत पाबंद किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार रुधौली थाने के पिपरहीम निवासी मोबिन अहमद और भरौली निवासी संजय गुप्ता पर उत्तर प्रदेश गुंडा अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है।

# गांजा के साथ एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बस्ती।** प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मनोज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि एसआई सर्वेश कुमार की टीम ने रामसवारे यादव निवासी ग्राम कोहर गडडी थाना महुली जिला सन्तकबीरनगर को परमात्मा बाग से 1.2 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर किया है।

# शांतिभंग की आशंका में सभासद समेत नौ का चालान

**बनकटी।** लालगंज थाना क्षेत्र के विभिन्न गांव व वार्ड से सभासद सहित नौ लोगों को पुलिस ने शांतिभंग में चालान किया है। बनकटी नगर पंचायत के संत रविदास नगर वार्ड के सभासद कौशल चौधरी व इसी वार्ड के सुग्रीव, कपसौना निवासी विश्राम, साहब राम के अलावा घनश्याम निवासी डड़वा लगुनी, मंदीप निवासी निपनिया व साहूपार के महेंद्र मोदनवाल, राजकुमार मोदनवाल, धर्मेन्द्र कुमार मोदनवाल को शांतिभंग चलान कर दिया।

# रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर व आवासों का एसपी ने लिया जायजा



पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी आशीष श्रीवास्तव ● सौ.पुलिस विभाग

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया।

इस दौरान रिक्रूटों के ट्रेनिंग, आवासीय व्यवस्था, क्लास आदि का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने मेस, आरक्षी बैरक व पुलिस लाइन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था भी जांची।

एसपी ने रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर के निरीक्षण के दौरान क्लास बढ़ाने का निर्देश दिया। पुलिस लाइन में प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूटों के बैरक का निरीक्षण करने के दौरान उनके पास आलमारी न होने पर उन्होंने आरआइ को आलमारी की व्यवस्था कराने को कहा। टायलेट की साफ सफाई व्यवस्था पर जोर दिया। एसपी ने रिक्रूटों से बात की और उनकी समस्याओं के बारे में भी पूछा। इस मौके पर एसपी के पीआरओ उप निरीक्षक दुर्गेश कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।

## टूट रहे रिश्तों को महिला थानाध्यक्ष ने बचाया

**बस्ती:** महिला थाने की थानाध्यक्ष और टीम टूट रहे रिश्तों को बचाने में लगी है। टीम का प्रयास दो परिवारों की खुशियों को वापस लौटाने में अहम भूमिका निभा रहा है। शनिवार को महिला थानाध्यक्ष भाग्यवती पांडेय और उनकी टीम ने दो दंपतियों के बीच चल रहे मनमुटाव को दूर कर उन्हें साथ रहने के लिए राजी कर लिया। महिला थानाध्यक्ष ने बताया कि वैचारिक मतभेद व पारिवारिक झगड़े के कारण तीन साल से अलग अलग रह रहे एक दंपती के बीच मतभेदों को दूर कर, दोनों को समझा बुझाकर एक साथ रहने को राजी कर लिया। इसी प्रकार कप्तानगंज थाना क्षेत्र स्थित एक गांव के दंपती में मनमुटाव चल रहा था। उन्हें भी महिला थानाध्यक्ष व महिला हेल्प डेस्क की कां.वंदिता सिंह व रिचा सिंह की कोशिशों के बाद एक साथ रहने के लिए राजी कर लिया गया। सुलहनामा लिखवा कर पति-पत्नी को महिला थाने से विदा किया गया। (जासं.)

## चोरी के मामले में अज्ञात पर मुकदमा

**बस्ती:** छावनी थाना क्षेत्र के शंकरपुर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव के पाटनदीन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 16 जुलाई की रात चोरों ने उनके मकान का ताला तोड़कर घर में रखा हुआ एक मंगलसूत्र, दो अंगूठी और लगभग 50 हजार रुपये नकद के अलावा बगल के रूम में रह रहे किरायेदार के कमरे से 35 हजार रुपये चुरा ले गए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। (जासं.)

## शांतिभंग की आशंका में सभासद समेत नौ का चालान

**देईसांड़ :** लालगंज पुलिस ने नगर पंचायत बनकटी के एक सभासद समेत नौ लोगों का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। पुलिस ने बनकटी नगरपंचायत के संत रविदास नगर वार्ड (बरोंहिया) के सभासद कौशल चौधरी, इसी वार्ड के सुग्रीव, लालगंज थानाक्षेत्र के कपसौना निवासी विश्राम, साहब राम, डड़वा लगुनी निवासी घनश्याम, निपनिया निवासी मंदीप व साहूपार निवासी महेंद्र मोदनवाल, राजकुमार मोदनवाल, धर्मेन्द्र कुमार मोदनवाल का शांतिभंग की आशंका में चालान किया है। जासं.)

## जानमाल की दी धमकी देने पर मुकदमा

**बस्ती:** पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के राजा मैदान मोहल्ला निवासी एम काशिफ ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि 15 जुलाई को बस्ती– गनेशपुर मार्ग पर बिना नंबर प्लेट के बाइक सवार दो लोगों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। जासं.)

# एडीजी पहुंचे पोखरभिटवा युवती के भाई को मिला गनर

## रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी से मिली थी युवती



पोखर भिटवा गांव में जांच करने पहुंचे एडीजी अखिल कुमार ● जागरण

**जांच**

- शासन के निर्देश पर जांच के लिए बस्ती गए थे
- गांव के प्रावि में युवती, उसके भाभी और भाई का बयान लिए

**जागरण संवाददाता, (महसों) बस्ती :** आशिक मिजाज दारोगा दीपक सिंह के उत्पीड़न का शिकार हुई युवती के आरोपों की जांच करने के लिए अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) अखिल कुमार आइजी और एसपी के साथ सोमवार को दूसरी बार पोखरभिटवा पहुंचे। उन्होंने गांव के प्राथमिक विद्यालय में युवती, उसके भाई व भाभी का बयान लिया। शासन के निर्देश पर पहुंचे एडीजी ने परिवार को न्याय का आश्वासन दिया।

युवती ने भाई और बहन के साथ रविवार को लखनऊ में मुख्यमंत्री से मुलाकात कर विवेचना पर सवाल उठाते हुए दूसरी एजेंसी से जांच कराने की मांग की थी। एडीजी अखिल कुमार ने बताया कि पीड़िता के भाई ने आरोपितों से जानमाल का खतरा बताया था।

उन्हें एक गनर उपलब्ध करा दिया गया है। युवती को पहले से सुरक्षा मिली हुई है। सीओ संतकबीरनगर की विवेचना पर उठाए गए सवालों की जांच हो रही है। फर्जी मुकदमे दर्ज कराने के आरोप की जांच 31 जुलाई तक पूरी करने का निर्देश दिया गया है।

पीड़ित युवती को पूरा न्याय मिलेगा। जो मुकदमा फर्जी मिलेगा, उसे समाप्त कर दिया जाएगा। हर मुकदमे का विश्लेषण साक्ष्य के आधार पर होगा। एडीजी ने बताया कि विवेचना में सामूहिक दुष्कर्म की घटना साबित नहीं हुई थी। पीड़ित युवती और उसके परिवार वालों के दर्ज कराए गए बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्य के आधार पर शासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

### मुख्य आरोपित हो चुका है बर्खास्त

मुख्य आरोपित दारोगा दीपक सिंह के खिलाफ दर्ज मुकदमे में चार्जशीट दाखिल होने के बाद आइजी रेंज अनिल कुमार राय ने 10 जुलाई को उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया था। वहीं, युवती की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे में तत्कालीन कोतवाल समेत 12 पुलिस व राजस्वकर्मियों की संलिप्तता नहीं मिलने पर उन्हें बरी कर दिया गया है। एडीजी ने निष्पक्ष जांच के लिए बस्ती के सीओ सिटी से विवेचना हटाकर संतकबीरनगर के सीओ खलीलाबाद अंशुमान मिश्रा को सौंपी थी। उनकी तरफ से दाखिल चार्जशीट में दीपक सिंह को छेड़खानी का दोषी माना गया है। सीजेएम कोर्ट ने बर्खास्त दारोगा को 23 जुलाई 2021 को तलब किया है।

## दो बदमाश गुंडा एक्ट में पाबंद

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने दो लोगों को गुंडा एक्ट के तहत पाबंद किया है। पुलिस कार्यालय के अनुसार रुधौली थाने के पिपरहीम निवासी मोबिन अहमद और भरौली निवासी संजय गुप्ता पर गुंडा एक्ट अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। संवाद

## शांतिभंग में नौ लोगों के खिलाफ कार्रवाई

**बनकटी।** लालगंज पुलिस ने विभिन्न गांवों व वार्ड से सभासद सहित नौ लोगों को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार कर लिया। लालगंज थानाक्षेत्र के बनकटी नगर पंचायत के संत रविदासनगर वार्ड (बरोंहिया) के सभासद कौशल चौधरी व इसी वार्ड के सुग्रीव, कपसौना निवासी विश्राम, साहब राम तथा घनश्याम निवासी डड़वा लगुनी, मंदीप निवासी निपनिया व साहूपार निवासी महेंद्र मोदनवाल, राजकुमार, धर्मेंद्र मोदनवाल को शांतिभंग की आशंका में गिरफ्तार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। संवाद

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# नेपाली शराब के साथ दो महिलाएं गिरफ्तार

**खुनुवां।** एसएसबी 43वीं वाहिनी की सीमा चौकी खुनुवां के जवानों और चौकी खुनुवां की पुलिस ने सोमवार को सीमा पार करते हुए दो महिलाओं को पकड़ा। दोनों महिलाओं के कब्जे से 160 शीशी नेपाली शराब बरामद की। पूछताछ करने के बाद दोनों का आबकारी एक्ट में चालान कर दिया।

एसएसबी 43वीं वाहिनी और चौकी खुनुवां की पुलिस की संयुक्त टीम सोमवार को सीमा पर गश्त कर रही थी। इस दौरान दो महिला संदिग्ध सीमा पार करते हुए दिखी। जवानों ने दोनों को पकड़ लिया। जांच के दौरान उनके कब्जे से 160 शीशी नेपाली शराब बरामद की। पूछताछ उन्होंने अपनी पहचान सरिता पत्नी महेंद्र निवासी गड़ाकुल थाना शोहरतगढ़ बताई और उर्मिला पत्नी सुभाष निवासी नीबी दोहनी थाना शोहरतगढ़ बताई। संवाद



साड़ी तिराहे पर वाहनों का चालान कटवाते एएसपी सुरेश चंद्र रावत। संवाद

# सुरक्षित जीवन के लिए हेलमेट लगाकर चलें : एएसपी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**सिद्धार्थनगर।** सोमवार को एएसपी और सीओ शोहरतगढ़ ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। बिना हेलमेट वाले वाहन चालकों का चालान किया और दोबारा हेलमेट लगाकर चलने की हिदायत दी।

एएसपी सुरेशचंद रावत ने सोमवार नगर के हाइडिल तिराहे पर खुद चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान उन्होंने बिना हेमलेट के वाहन चलाते हुए पाए जाने वाले लोगों के वाहनों का चालान किया। साथ ही जिंदगी का हवाला देते हुए हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की अपील की। कहा कि चेकिंग बचने के लिए नहीं, जिदंगी सुरक्षित रखने के लिए हेलमेट लगाएं। सीओ शोहरतगढ़ प्रदीप यादव ने शोहरतगढ़ में चेकिंग अभियान चलाया। कई वाहनों के चालान काटे। सीओ शोहरतगढ़ यातायात प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर पूरे जनपद की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्र में चेकिंग की। चेकिंग में 2175 बिना हेलमेट दो पहिया वाहनों के चालकों का चालान किया गया।

## 'सौहार्द और शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं त्योहार'

**डुमरियागंज।** स्थानीय थाने में सोमवार को प्रभारी निरीक्षक शैलेष सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। आने वाले सावन माह और बकरीद को आपसी भाईचारे के साथ मनाने की अपील की गई। एसडीएम त्रिभुवन ने कहा कि सभी धर्मावलंबी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं, जिससे किसी को कोई समस्या न होने पाएं। बकरीद में किसी तरह की समस्या न हो, इस पर ध्यान देने की जरूरत है। तहसीलदार राजेश प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार आनंद ओझा, मिथलेश मिश्रा, बांकेलाल, जेई अजीत सिंह, अमरजीत, शफीकुर्रहमान, नसीर अहमद, राजू गौतम, अब्दुल अली, शिवकुमार दुबे, बादशाह, कसीम रिवजी, ताकिब रिजवी आदि मौजूद रहे। संवाद

# वाहन चेकिंग हुई

संतकबीरनगर। जनपद में रविवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान 175 वाहन स्वामियों से 1,64,000 रुपये की राजस्व वसूली की गई। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने बताया कि कोतवाली खलीलाबाद, धनघटा, महुली, दुधारा, बखिरा, धर्मसिंहवा, मेंहदावल, बेलहर थाना क्षेत्र में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। 175 वाहनों के कागजात में कमी और बिना हेलमेट के वाहन स्वामी मिले। 1,64,000 रुपये की राजस्व वसूली की गई। संवाद

# छोटी-छोटी बातों को न करें नजरअंदाज : डीएम

## कलेक्ट्रेट सभागार में हुई पीस कमेटी की बैठक, कोविड प्रोटोकाल के तहत मनाया जाएगा पर्व



कलेक्ट्रेट परिसर में पीस कमेटी की बैठक करते डीएम दीपक मीणा (मध्य में) ● जागरण

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक की। बकरीद को सकुशल संपन्न कराने की रणनीति तैयार की। श्रावण मास की अभी से तैयारी शुरू करने के लिए कहा। छोटी-छोटी बातों को नजरअंदाज नहीं करने की नसीहत दी।

डीएम ने कहा बकरीद को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक कर ली गई है। सभी बिंदुओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। नगरीय निकाय के अधिशासी अभियंता की जिम्मेदारी है कि ईदगाह व मस्जिदों के पास साफ-सफाई कार्य को पूरा करा लें। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करा लिया जाए। जिन मस्जिद में नमाज अदा की जाएगी,

### सतर्कता

उस स्थान के पास बेसहारा पशु नहीं घूमने पाए। कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए त्योहार मनाया जाएगा। नमाज को संपन्न कराने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस विभाग के साथ समन्वय स्थापित करके शांति व्यवस्था कायम करें। विद्युत विभाग को ध्यान देना होगा कि नमाज अदा करने के समय बिजली की आपूर्ति बनी रहे। सभी अस्पतालों में इमरजेंसी सेवा चालू रहेगी। संचालन एडीएम सीताराम गुप्ता ने किया। सीएमओ डा. संदीप चौधरी, एएसपी सुरेश चंद्र रावत, एसडीएम शोहरतगढ़ शिवमूर्ति सिंह, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

## नपाध्यक्ष ने सफाईकर्मियों को दी हिदायत

**जागरण संवाददाता, बांसी, सिद्धार्थनगर :** ईद-उल-अजहा बकरीद पर्व को लेकर नगर पालिका प्रशासन काफी मुस्तैद है। वह इसकी तैयारी पूरी करने में शिद्दत से जुटा है। ईदगाहों की सफाई व्यवस्था मुकम्मल करने के साथ -साथ वहां तक जाने वाले मार्ग को बेहतर बनाने के लिए नपाध्यक्ष मो. इदरीस पटवारी ने कर्मचारियों को हिदायत दी है।

नगर क्षेत्र की ईदगाह के आस पास व रास्तों की साफ सफाई के लिए नपाध्यक्ष ने सफाई नायकों संग अपने कार्यालय में बैठक की। पटेल नगर, नरकटहा, बहबोल, लेटवा सोनखर की ईदगाहों को जाने वाले रास्ते की साफ सफाई करने के साथ ही उस पर हुए अतिक्रमण को हटवाने को कहा। उन्होंने बरसात के मौसम को देखते हुए कच्चे मार्गो पर राबिस आदि डलवाने का भी निर्देश दिया। कहाकि नमाज के वक्त हर ईदगाह पर पानी से भरे टैंकर खड़े किए जाएं। सभासद मो. इरफान, रविन्द्र वर्मा, सफाई नायक राजकुमार पांडेय, रामचरण यादव, राजेश वर्मा, प्रमोद अग्रहरि, गिरीश पाण्डेय, गणेश मौर्य, सुधीर कुमार, संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।



सफाई नायकों के साथ बैठक करते नपाध्यक्ष मो. इद्रीस पटवारी (दाएं) ● जागरण

### ऐसा मनाएं त्योहार, आपस में और बढ़े प्यार

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर :** बकरीद पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाने को लेकर डुमरियागंज थाने में थानाध्यक्ष शैलेश सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सोमवार शाम आयोजित हुई। एसडीएम त्रिभुवन ने कहा कि सभी धर्मावलंबी त्योहार शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं जिससे किसी को कोई समस्या न होने पाए। आपस मे प्यार-मोहब्बत और बढ़े। बकरीद त्योहार में किसी तरह की समस्या न हो इसपर ध्यान देने की जरूरत है। जामा मस्जिद के मौलाना एसानुल्लाह ने बकरीद के दिन साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें। जानवर के अवशेष को खुले में न फेंके बल्कि उसे दफन कर दे। प्रधान संघ के मण्डल अध्यक्ष ताकिब रिजवी ने सभी प्रधानों से हर गांव की विशेष रूप सफाई कराने की अपील की। फखरुद्दीन ने कोविड नियमों के तहत कुर्बानी का सुझाव रखते हुए कहा कि कुर्बानी के दौरान किसी प्रकार का वीडियो न बनाए और न ही इंटरनेट मीडिया पर वायरल करें। जिससे किसी की भावना आहत न हो। आनन्द ओझा नायब तहसीलदार, मिथलेश मिश्रा, बांके लाल, डा. अयूब, इलियास अहमद, अमरेश आदि मौजूद रहे।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# थानों पर हुई शांति कमेटी की बैठक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** जिला मजिस्ट्रेट श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ गत 15 जुलाई को जनपद स्तरीय शांति कमेटी की बैठक कर आगामी बकरीद त्यौहार पर आवश्यक दिशा निर्देश उपजिलाधिकारियों, तहसीलदारों, सर्किल अफसरों एवं थानाध्यक्षों को दिया था। जिसके क्रम में जनपद के तीनों तहसीलों में उप जिलाधिकारी एवं सीओ ने संबंधित थानाध्यक्षों के साथ शांति कमेटी की बैठक कर अपील की है कि बकरीद त्यौहार को कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए सौहार्द के साथ मनाएं। एसडीएम खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, सीओ सदर अंशुमान मिश्र ने खलीलाबाद तहसील के दुधारा थाना एवं खलीलाबाद कोतवाली में शांति कमेटी की बैठक की।

इसी तरह उप जिलाधिकारी धनघटा योगेश्वर सिंह ने सीओ धनघटा राम प्रकाश के साथ धनघटा तहसील के दो थानों में पीस कमेटी की बैठक कर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देशों को अवगत कराते हुए शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाये जाने का अपील की। अधिकारियों ने कहा है कि कोविड-19 के निमय की अनदेखी नही होनी चाहिए। **मेंहदावल प्रतिनिधि** के अनुसार मेंहदावल तहसील क्षेत्र के तीन थाना परिसरों में उप जिलाधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बकरीद त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। उप जिलाधिकारी मेंहदावल अजय कुमार त्रिपाठी एवं सीओ मेंहदावल

**डीएम-एसपी के निर्देश पर जनपद के तीनों तहसीलों के एसडीएम-सीओ ने किया कमेटी की बैठक**

अम्वरीश भदौरिया ने कहा कि त्यौहार प्रेम व सौहार्द के प्रतीक होते हैं। त्यौहार सादगी के साथ-साथ भाईचारगी के साथ मनाना चाहिए। बैठक के वाद उप जिलाधिकारी ने थाना परिसर में पौधरोपण भी किया। इस दौरान थानाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, प्रभारी निरीक्षक मेंहदावल जयर्वधन सिंह, प्रभारी बेलहर कला अनिल दूवे, एसआई परवीन कुमार, मृत्युजंय सिंह, जुवेर अहमद, सौरभ मिश्रा, कां. संजीव यादव, रत्नेश सिंह, संतोष सिंह, शंकर त्रिपाठी, वीरेन्द्र सिंह समेत अन्य मौजूद रहे। **बखिरा प्रतिनिधि** के अनुसार वखिरा थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की वैठक में एसडीएम सदर शशांक शेखर राय ने कहा कि आगामी त्योहार को परंपरागत तरीके से मनाएं।सीओ अम्वरीश भदौरिया ने कहा कि अफवाह फ़ैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर थानाध्यक्ष मनोज सिंह, चौकी प्रभारी वखिरा हरेन्द्र पाठक, चौकी प्रभारी दुर्गजोत रमेश यादव, एसआई उदय शंकर द्विवेदी, विजय प्रताप सिंह, हे.कां. सुशील यादव के साथ ही जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि दीनानाथ चौधरी, ग्राम प्रधान चंद्रशेखर चौधरी, जहीरूद्दीन, मो. जाबिर, बब्बू खान, नूरुल्लाह, श्रवण मौर्य, रियाज अहमद, दरगाही, रामलौट अकेला समेत अन्य लोग मौजूद रहे। **सेमरियावां प्रतिनिधि** के अनुसार दुधारा थाना परिसर में बकरीद त्योहार पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी खलीलाबाद राज नरायण त्रिपाठी एवं क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद अंशुमान मिश्र ने कहा कि ईदुल अजहा की नमाज अपने अपने घर पर ही अदा करें।

पिछले ईदुल अजहा के लिए जो निर्देश था वहीं आदेश इस बार भी लागू होगा। इस मौके पर दुधारा थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक, सपा जिलाध्यक्ष गौहर अली खान, हियुवा नेता छेदी यादव, मुनीरूल हसन चौधरी, मुहम्मद अहमद, उपनिरीक्षक चन्द्रभान सिंह, राम प्रवेश यादव, आनन्द कुमार सिंह, कामेश्वर मिश्रा, इल्तापुर्रहमान, हाजी शब्वीर अहमद, मुहम्मद हनीफ खान, राम सागर चौधरी, मौलाना उवैदुर्रहमान, प्रदीप पाण्डेय, इकवाल अहमद, हाफिज अब्दुल हक, एजाज अहमद, मुनीर अहमद, मुहम्मद अरमान आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# दंपति के बीच वर्षों का विवाद हुआ खत्म

संतकबीरनगर( एसएनबी)। साथ-साथ कार्यक्रम का आयोजन परिवार परामर्श केन्द्र महिला




थाना पर प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डॉ. शालिनी सिंह एवं नियुक्त सदस्य रिफातुल्लाह अंसारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें कुल 4 मामले आये। सभी मामलों में सुलह-समझौता करवाया गया। प्रभारी निरीक्षक महिला थाना डा. शालिनी सिंह ने बताया कि श्रीमती साजिया खातून पुत्री यूसुफ खान निवासी ग्राम सुरैना थाना धनघटा (संतकबीरनगर) व द्वितीय पक्ष मेहताब खान पुत्र आबाद खान निवासी ग्राम बढ़यापार थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर के मध्य करीब 04 वर्षो से टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। वहीं श्रीमती जुबैदा खातून पुत्री हबीबुल्लाह निवासी बसडीला थाना दुधारा व द्वितीय पक्ष अब्दुल अली पुत्र एजाज अहमद निवासी बसडीला थाना दुधारा के मध्य करीब 03 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के उपरान्त दोनो पक्ष एक साथ खुशी-खुशी रहने को तैयार हुए। उन्होंने बताया कि श्रीमती तस्लीमुन्निशा पत्नी अख्तर हुसैन निवासी पिपरा बोरिंग थाना दुधारा व ,द्वितीय पक्ष अख्तर हुसैन पुत्र हकीबुल्लाह निवासी पैड़ी थाना दुधारा बीच करीब 05 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने बुझाने के उपरान्त दोनों पक्ष में सुलह-समझौता कराया गया। श्रीमती प्रियंका पत्नी अनिरुद्ध प्रजापति निवासी पिड़ारी पूर्वी मोलनापुर थाना महुली व द्वितीय पक्ष अनिरुद्ध प्रजापति पुत्र श्रीलाल निवासी उपरोक्त के मध्य करीब 7 वर्षो से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों पक्ष अब एक साथ रहने को तैयार हैं।



रविवार को दुधारा थाना परिसर में बैठक करते एसडीएम व थानाध्यक्ष और उपस्थित क्षेत्र के गणमान्य लोग।

# सौहार्द और भाईचारा के साथ मनाएं पर्व

**लोहरौली | हिन्दुस्तान संवाद**

दुधारा थाना परिसर में रविवार को बकरीद पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन हुआ। बैठक क्षेत्र के ग्राम प्रधान व गणमान्य लोगों ने भाग लिया। इस मौके पर अधिकारियों ने प्रतिबंधित पशु को कटाने के लिए सख्त मना किया। शांति पूर्वक पर्व मनाने की आपील की। कहा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की मदद करें। प्रतिबंधित पशु की तस्करी व आपराधिक व्यक्ति पर नजर रखें। इसकी सूचना पुलिस को दें। पर्व के मौके पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस सदैव मदद करेगी।

एसडीएम राज नारायन त्रिपाठी ने कहा कि आप लोग शांति पूर्वक बकरीद मनाएं। कोविड-19 के नियम का हर हाल में पालन करें। ईदु-उल-अजहा की विशेष नमाज घरों पर अदा करें। सर्वाजनिक स्थलों पर नमाज अदा न करें। उइस दौरान हिन्दू युवा वाहिनी के नेता छेदी यादव ने कहा कि पर्व को शांति पूर्वक मनाएं। सपा के जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने कहा कि हमारा क्षेत्र काफी शांति प्रिय क्षेत्र है। शांति को बनाए रखेंगे। देश के कानून को मानते हुए प्रतिबंधित पशु की ही कुर्बानी न करें। इस्लाम धर्म इस बात की इजाजत नहीं देता कि दूसरे को तकलीफ देकर एबादत करें।

थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक ने कहा कि प्रतिबंधित पशु किसी भी हाल में नहीं कटना चाहिए। प्रतिबंधित पशु कटने की सूचना मिली तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कुर्बानी पेश करने में अन्य समुदाय को ठेस न पहुंचे इसके लिए सार्वजनिक स्थल, चौराहे व खुले में कुर्बानी न करें। सपा नेता मुनीरुल हसन चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष गौहर अली खां, शब्बीर खान, मोहम्मद हनीफ, इकबाल, मोहम्मद अयूब, राम सागर चौधरी, राज कुमार, प्रधान हाफिज अब्दुल हक, प्रदीप पांडेय, एजाज अहमद उर्फ राजू, मुनीर अहमद, मोहम्मद अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

## सोशल मीडिया पर न डालें फोटो

पीस कमेटी की बैठक में आटा कला के प्रधान एखलाक अहमद ने युवाओं व अन्य लोगों से अपील किया कि जानवर की कुर्बानी करते समय का फोटो न खींचे। साथ ही इस फोटो को किसी भी हाल में सोशल मीडिया पर न डालें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड करना न ही समाज एजाजत देता है। न ही इस्लाम धर्म में कहीं भी फोटो खींचने का आदेश है।

# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

**मेंहदावल।** मेंहदावल थाना परिसर में रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न समुदाय के लोग एकत्रित हुए।

बकरीद, सावन के जलाभिषेक को देखते हुए प्रशासन ने जहां अपनी बात रखी वहीं सभी ने पुलिस प्रशासन से कड़ी सुरक्षा की अपील करते हुए अपनी-अपनी बात रखी। पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुए एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि बकरीद व सावन महीने का त्योहार दोनों समुदाय के लोग मानवता का धर्म अपनाकर मनाने में सहयोग करें। सीओ अम्बरीष भदौरिया ने कहा कि हमें कस्बे व आस-पास में भय मुक्त माहौल पैदा करना है, जिससे कि सभी लोग अपने अपने त्योहारों को खुशी से मना सकें और कस्बे में शान्ति का माहौल भी बना रहे। प्रभारी निरीक्षक जयवर्धन सिंह

# वाहन में गेहूं लादते चोर गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली के नवीन सब्जी मण्डी स्थल से खाद्य एवं विपणन विभाग का गेहूं चुराते एक चोर पकड़ा गया है। वाहन में लदी बोरी बरामद हुई है। उसका एक साथी भाग निकला। पुलिस मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

कृषि उत्पादन मण्डी समिति के उप सचिव ओम प्रकाश गुप्ता ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि नीलामी चबूतरा नं 1 पर खाद्य एवं विपणन विभाग का खरीदा गया गेहूं रखा है। रविवार को एक बोलेरो पर इसी चबूतरे से 6 बोरी गेहूं लाद कर पश्चिमी गेट से निकलना चाह रहे थे। गेट पर खड़े गार्ड ने वाहन रोकवाया। वाहन मे गेहूं के बोरे को देख कर पुछताछ करने लगा। तभी चोरों ने भागने का प्रयास किया।

इस बीच चौकी पर तैनात सिपाही ने दोनों चोरों को दौड़ाया। एक चोर भागने में सफल हो गया। दुसरा पकड़ा गया। पकड़ा गया चोर अमित कुमार पुत्र अरुण कुमार ग्राम तेनुहारी प्रथम पोस्ट गांधी ग्राम खलीलाबाद का रहने वाला है। उसने पूछताछ में बताया कि मौके से भागा उसका साथी अख्तरुल पुत्र डा. एखलाक जलकल रोड बरदहिया का निवासी है। उसके कहने पर आज दूसरी बार चोरी करने आया था। पुलिस ने में मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोर के दूसरे साथी की

# विभिन्न मामलों में 17 पर कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने विभिन्न मामले में 17 लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया गया। थाना दुधारा पुलिस ने सात, धनघटा पांच और बखिरा पुलिस ने तीन आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने एक नाजायज चाकू के साथ राकेश कुमार निवासी सरही को दबोच कर शस्त्र अधिनियम का मामला दर्ज किया। साथ ही महुली पुलिस ने अपहरण व पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त पीरु उर्फ पीर मोहम्मद पुत्र यूनुस निवासी केवाड़ी मुस्तकीम थाना दुबौलिया जनपद बस्ती

# वाहन चेकिंग अभियान चला

संतकबीरनगर। पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने वाहनों की सघन जांच पड़ताल की। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने बैंक, वाहन व व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए चेकिंग की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ व प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की। यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 175 वाहन स्वामियों से ?1.64 लाख शमन शुल्क वसूल किया।

# आपसी भाईचारा के बीच मनाएं बकरीद का त्योहार

जागरण संवाददाता, मेंहदावल, संतकबीर नगरः सांथा ब्लाक के सभागार, मेंहदावल, धर्मसिंहवा व दुधारा थाने पर रविवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। सभी से आपसी भाईचारा के बीच बकरीद का त्योहार मनाने की अपील की गई। शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से पेश आने की बात कही गई।

सांथा ब्लाक के सभागार में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी ने लोगों से कोई नई परंपरा कायम न करने और शांतिपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की बात कही। सीओ अंबरीश भदौरिया ने कहा कि कोरोना संकट काल में शारीरिक दूरी का पालन और मास्क का नियमित उपयोग जरूरी है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले लोगों के साथ पुलिस सख्ती से पेश आएगी। इस दौरान एसओ अनिल कुमार दूबे, एसआइ सदरुल आलमीन, राकेश कुमार चौधरी, अहमद सुहेल रहमानी, शकील अहमद, रबी अव्वल अंसारी, लड्डन चौधरी,राजेश कुमार, जाहिद अली,विश्वनाथ मौर्य, अबरार अहमद, शकील अंसारी, राजू, अतीक अंसारी, दीपक कन्नौजिया आदि मौजूद रहे। मेंहदावल थाने पर एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व थानाध्यक्ष जयवर्धन सिंह ने पीस कमेटी की बैठक में लोगों से आपसी सौहार्द के बीच पर्व मनाने के लिए कहा। वहीं धर्मसिंहवा थाने पर आयोजित बैठक में एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, सीओ अंबरीश भदौरिया व थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव ने लोगों को संबोधित किया। लोगों से कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण माहौल में त्योहार मनाने की अपील की। दुधारा थाने पर आयोजित पीस कमेटी की बैठक को एसडीएम राज नारायण त्रिपाठी ने संबोधित किया। उन्होंने कहा की त्योहार प्रेम व भाईचारे को प्रदर्शित करता है। लोगों को त्योहार मनाना चाहिए। थानाध्यक्ष विनय कुमार पाठक सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



मेंहदावल में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते सीओ अम्बरीश भदौरिया ( मध्य में ),उनके (दाएं) एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी, (बाएं )थानेदार जयवर्धन सिंह • जागरण



दुधारा थाने पर पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसडीएम खलीलाबाद ( दाएं से) राज नारायण त्रिपाठी व एसओ विनय कुमार पाठक • जागरण

**बैठक**

- सांथा ब्लाक सभागार,मेंहदावल, धर्मसिंहवा व दुधारा थाने पर हुई पीस कमेटी की बैठक
- शांति व्यवस्था में खलल डालने वालों के साथ सख्ती से पेश आने की बात कही गई



सांथा ब्लाक सभागार में पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते मेंहदावल सीओ आनंद भदौरिया( मध्य में) उनके ( दाएं )एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी • जागरण

# शांति भंग में 15 लोग गिरफ्तार

संतकबीर नगर: पुलिस ने शांति भंग की आशंका में रविवार को 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। इसमें दुधारा पुलिस ने सात, धनघटा पुलिस ने पांच तथा बखिरा पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ़्तार किया है।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीर नगर : कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने रविवार को थानाक्षेत्र के सरही गांव के निवासी राकेश कुमार पुत्र सुलेद को एक चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि हेड कांस्टेबल अवधेश साहनी व संतोष पटेल ने सूचना पर इन्हें गांव के पास गिरफ्तार किया। इनके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। (जासं.)

# एसडीएम व सीओ ने धर्मसिंहवा थाना में लगाया रुद्राक्ष का पौधा

## जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जिंदगी रहेगी सुरक्षित

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल :** मेंहदावल के एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व सीओ अंबरीश भदौरिया रविवार को धर्मसिंहवा थाने में पहुंचे। इन दोनों अधिकारियों ने थाना परिसर में रुद्राक्ष का पौधा लगाया।

एसडीएम ने कहा कि कोरोना काल में आक्सीजन की कमी से लोगों की मौतों ने पर्यावरण की महत्ता का अहसास कराया है। इसलिए अधिक आक्सीजन देने वाले वाले पौधों को जरूर लगाना चाहिए।

सीओ ने कहा कि जब पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तभी जिंदगी सुरक्षित रहेगी। पौध लगाना पुनीत कार्य है। इस दौरान अवसर पर थानाध्यक्ष जितेंद्र यादव सहित अन्य पुलिस कर्मी, चौकीदार मौजूद रहे।



रुद्राक्ष का पौधा लगाते एसडीएम अजय कुमार त्रिपाठी व सीओ अंबरीश भदौरिया • जागरण

# किशोरी को भगाने वाला गिरफ्तार

संतकबीर नगर : महुली पुलिस ने थानाक्षेत्र के एक गांव की किशोरी को भगाने वाले आरोपित को रविवार को गिरफ्तार किया है। मां ने थाने में सूचना दी थीं कि 10 जुलाई को उसकी बेटी को युवक बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। सीओ धनघटा रामप्रकाश ने बताया कि बस्ती के दुबौलिया थानाक्षेत्र के केवाड़ी गांव का निवासी पीरु उर्फ पीर मोहम्मद पुत्र यूनुस आरोपित है। उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। (जासं.)

# पुलिस की पहल से चार दंपती साथ रहने को राजी

जासं, संतकबीर नगर: एसपी कार्यालय के निकट स्थित महिला थाना में रविवार को सुलह-समझौता के जरिए चार दंपतियों का विवाद खत्म करवा दिया गया। ये लोग एक-दूसरे के साथ रहने के लिए राजी हो गए। महिला थाना प्रभारी डा. शालिनी सिंह ने कहा कि धनघटा थाने के सुरैना गांव की साजिया खातून का पति मेहताब खान से चार वर्ष, दुधारा थाना के बसडीला गांव की जूबैदा खातून का पति अब्दुल अली से तीन वर्ष, पिपराबोरिंग गांव की तस्लीमुन्निशा पुत्री का पति अख्तर हुसैन से पांच वर्ष तथा महुली थाने के पिराड़ी गांव की प्रियंका का पति अनिरुद्ध प्रजापति से सात वर्षों से आपसी विवाद चला आ रहा था। समझा-बुझाकर सुलह-समझौता कराया गया। चारों दंपती एक साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

# चार परिवार हुए एक साथ रहने को राजी




एसओ शालिनी सिंह ने परिवार को सुलह के आधार पर मिलाया। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। महिला थाने पर रविवार को एसओ डॉ. शालिनी सिंह की देखरेख में साथ-साथ कार्यक्रम (टूटने परिवार को जोड़ने की एक पहल) का आयोजन हुआ। इसमें चार परिवारों को एक साथ रहने को राजी किया गया।

एसओ डॉ. शालिनी सिंह ने बताया कि साथ-साथ कार्यक्रम में कुल चार मामंले आए। सभी में सुलह-समझौता कराया गया। इसमें साजिया खातून और मेहताब खान के मध्य करीब चार वर्षों से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था। दोनों बाद एक साथ रहने को राजी हुए। जूबैदा खातून और अब्दुल अली के मध्य करीब तीन वर्षों से आपसी पारिवारिक विवाद के कारण इनका रिश्ता टूटने की कगार पर था दोनों पक्षों को काफी समझाने-बुझाने के एक साथ रहने को तैयार हुए। तस्लीमुन्निशा और अख्तर हुसैन के बीच पांच साल से पारिवारिक विवाद था।

इनका रिश्ता टूटने के कगार पर था। इसी तरह से प्रियंका और अनिरुद्ध के बीच सात साल से पारिवारिक विवाद था। दोनों लोगों को समझा-बुझाकर एक साथ रहने को राजी किया गया। उन्होंने बताया कि चार परिवार एक साथ रहने को

# कुर्बानी को लेकर मुसहरा गांव में सतर्क हुआ पुलिस प्रशासन

## वर्ष 2007 में दो पक्षों में हुआ था सांप्रदायिक विवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिंहवा।** संवेदनशील गांव मुसहरा में वकरीद का पर्व शांतिपूर्वक निपट सके। इसको लेकर प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। पुलिस ने अब तक यहां पर 41 लोगों को शांतिभंग का संदिग्ध मानते हुए भारी मुचलके में पाबंद किया है। साथ ही साथ गांव में पैनी नजर बनाए हुए हैं।

परंपरा न होने के बावजूद वर्ष 2007 में एक पक्ष द्वारा कुर्बानी का त्योहार मना लेने से दूसरे पक्ष द्वारा जमकर बवाल काटा गया था। गांव में आगजनी और लूटपाट की घटनाएं हुईं थीं। जिस पर पुलिस कर्मियों सहित अन्य अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गई थी।

तत्कालीन समय में धर्मसिंहवा थाना जनपद सिद्धार्थनगर के अंतर्गत आता था। एक पक्ष के अनुसार गांव में कुर्बानी मनाए जाने की परंपरा नहीं थी, पर कुछ लोगों के बहकावे में आकर दूसरे पक्ष के लोगों ने जबरिया कुर्बानी का त्योहार मना लिया था। जिस पर दूसरे समुदाय के उग्र हो जाने से जमकर बवाल हो गया था। तब से प्रदेश स्तर के उच्च अधिकारी इस पर्व पर मुसहरा का जायजा लेते हैं।

बताया जा रहा है कि इस बार गांव में आधा दर्जन लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। ऐसे में गांव का कुछ हिस्सा पहले से ही सील कर दिया गया है। सीओ अंबरीष सिंह भदौरिया ने बताया कि मुसहरा गांव में लोगों को शांतिपूर्वक व पारंपरिक तरीके से त्योहार मनाए जाने के निर्देश दे दिए गए हैं। साथ ही साथ संदिग्ध 41 लोगों को भारी मुचलके में शांतिभंग में पाबंद कर दिया गया है।

पर्व से पहले सुरक्षा को लेकर सारी तैयारियां कर ली गई हैं। गांव में आवश्यकतानुसार पुलिस बल तैनात कर दिया जाएगा।





धर्मसिंहवा में एसडीएम और ने पौधरोपण किया, बेलहर थाने में बैठक हुई।

### ब्लॉक सभागार में शांति कमेटी की बैठक हुई

**बेलहर।** सांथा ब्लॉक सभागार में शांति कमेटी की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान सभी को शांतिपूर्वक त्योहार को मनाने के लिए एसडीएम ने अपील की। एसडीएम अजय कुमार तिवारी ने कहा कि आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। कहीं से कोई समस्या हो तो पुलिस को सूचना दें। अगर त्योहार मनाने में कोई खलल डालेगा तो पुलिस कार्रवाई करेगी। कोविड गाइडलाइन का पालन करें। सार्वजनिक जगहों पर पांच लोग से अधिक न रहें। इस दौरान एसआई सदरुल आलमीन, अहमद सुहेल रहमानी, शकील अहमद, रवीउल अव्वल अंसारी, लड्डन चौधरी, राजेश कुमार, जाहिद, विश्वनाथ मौर्य, अवरार अहमद, शकील अंसारी, राजू आदि मौजूद रहे। संवाद

### 'बकरीद पर घरों में अदा करें नमाज'

**धर्मसिंहवा।** रविवार को धर्मसिंहवा थाने पर बकरीद को लेकर एसडीएम मेंहदावल अजय त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति कमेटी की बैठक हुई। बैठक में सभी से कोरोना महामारी से बचते हुए दो गज की दूरी अपनाते हुए शांतिपूर्वक तरीके से पर्व मनाए जाने की अपील की गई। एसडीएम ने कहा कि सभी अकीदतमंद अपने घरों में नमाज अदा करें। सीओ अम्बरीष भदौरिया ने बताया कि सुरक्षा को लेकर फोर्स हर जगह मुस्तैदी से तैनात रहेगी। गड़बड़ी फैलाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान एसओ जितेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक संजय सिंह, संतोष कुमार, लक्ष्मीकांत तिवारी, बब्बन प्रसाद, रामचंद्र शुक्ल, बृजेश चंद्र त्रिपाठी, श्रीचंद्र निषाद, मौलाना अली अहमद, अबुलास, मुसाहिद रजा, मुबारक अली, जिला पंचायत सदस्य अकबाल अहमद, मुजाहिदुल इस्लाम, प्रद्युम्न यादव आदि मौजूद रहे।

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# युवती संग दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज

धानेपुर। शौच के लिए गई एक युवती के साथ गांव के ही युवक द्वारा जबरन दुष्कर्म करने का आरोप लगा है। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की है।

मामला धानेपुर थाना क्षेत्र के ही एक गांव से जुड़ा हुआ है। गांव की ही रहने वाली एक महिला के मुताबिक उसकी 18 वर्षीय लड़की रविवार को सुबह शौच के लिए गांव से बाहर गई हुई थी। लड़की के घर लौटते वक्त गांव का ही एक युवक उसे जबरन गन्ने के खेत में खींच ले गया और जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता की मां के मुताबिक इस बात की उलाहना लेकर जब आरोपी के घर गई तो आरोपी के भाई और पिता ने भी गाली गलौज करते हुए अभद्रता किया। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# अध्यक्ष ने पुलिस चौकी का भूमि पूजन किया

कार्यक्रम

गोण्डा | संवाददाता

कोतवाली देहात क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर तरहर के पथरी बाजार में पुलिस चौकी निर्माण के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा ने भूमि पूजन किया। भूमि पूजन के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष न कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए चौकी का निर्माण कराया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को न्याय आसानी से मिल सकेगा।

प्रधान प्रतिनिधि रंजीत पाण्डेय ने पथरी बाजार में जल निकासी, सड़क निर्माण और हाई मास्ट लाइट लगवाने की मांग की। इस पर उन्होंने कहा कि पथरी बाजार में जलनिकासी के लिए नाली का निर्माण और बाजार में दो बड़ी वाली लाइट लगाई जायेगी। क्षेत्र के विकास पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान जिपं अध्यक्ष ने लोगों से पुलिस का सहयोग करने की भी अपील की। कहा कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देनी चाहिए। चौकी प्रभारी वीरेंद्र कुमार शुक्ला व संतोष कुमार तिवारी ने जिला पंचायत अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापित किया। शिव मूर्ति पांडेय, बीके तिवारी, राधेश्याम मिश्र, ननकऊ शुक्ल, दुर्गेश यादव, अवधेश यादव, मणिकांत, विनय कुमार, नवरंग पाठक, हरिहर शुक्ला, घनश्याम मिश्रा, रघुनाथ शुक्ल, विंध्याचल पांडे, आशीष लाल, दिनेश पांडे रहे।

CS Scanned with CamScanner

# गैंगस्टर में निरुद्ध आरोपित समेत 12 गिरफ्तार

संसू, गोंडा: रविवार को पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया। गिरोहबंद अधिनियम में दो आरोपितों के साथ ही 12 लोगों को विभिन्न मामलों में गिरफ्तार किया गया है।

एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि इटियाथोक में गैंगस्टर के एक मामले में वांछित चल रहे अतीक सिद्दीकी व परवेज को पकड़ा गया है। इन पर आर्थिक लाभ के लिए लूट, चोरी व नकबजनी जैसे अपराध करने का आरोप है। परसपुर पुलिस ने बलवा के मामले में आरोपित भौरीगंज के फिरोज को गिरफ्तार किया है। दहेज हत्या के मामले में खरगूपुर पुलिस ने मंगलनगर के तेलियनपुवा निवासी मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त श्याम लाल, राजन सोनकर, इटियाथोक पुलिस ने ओम प्रकाश, कपिल देव, कोतवाली देहात पुलिस ने कृष्ण कुमार, सभाजीत, वजीरगंज में बृजनंदन सिंह व खोड़ारे पुलिस ने विजय चौहान को अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है।

## इंटरनेट मीडिया पर शस्त्र दिखाना पड़ा महंगा

इंटरनेट मीडिया पर अवैध असलहे का प्रदर्शन करते हुए फोटो वायरल हुआ था। एसपी ने इस पर कार्रवाई के लिए पुलिस को निर्देश दिया था। कर्नलगंज कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित देवीतिलमहा गांव के कोमल सिंह को अवैध शस्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया है।

CS Scanned with CamScanner

# सतर्क रहें पुलिस कर्मी

संसू, गोंडा : संसू, गोंडा : बकरीद को लेकर पुलिस कर्मी सतर्क रहें। पुलिस अधिकारी बनाई गई व्यवस्था की निगरानी खुद करें। लोगों से संवाद करके कोविड प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित कराएं। रविवार को पुलिस लाइंस स्थित शिविर कार्यालय में क्षेत्राधिकारियों के साथ बैठक करते हुए पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह ने कहा कि शासन के निर्देशों का अनुपालन कराया जाय। सावन मास को लेकर ज़ारी प्रोटोकाल के बारे में जनसमुदाय को बताया जाय। घरों में ही अदा करें नमाज

बकरीद को शांतिपूर्ण निपटाने को लेकर थानों में शांति समिति की बैठक हुई। इसमें त्योहारों को लेकर निर्देश जारी किए गए। आर्यनगर, नवाबगंज व बभनजोत में बकरीद, कजरी तीज व जन्माष्टमी को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को शांति समिति की बैठक हुई। बताया गया कि बकरीद की नमाज घरों में पढ़ें।

# घरों में ही करें कुर्बानी

## शांति कमेटी बैठक में प्रभारी थानाध्यक्ष ने दिए सुझाव



गोंडा के कौड़िया थाने में बैठक करते प्रभारी थानाध्यक्ष अजय पांडेय व मौजूद लोग।

संवाद न्यूज एजेंसी

रुपईडीह(गोंडा)। बकरीद ,श्रावण मास व कजरी तीज पर्व को लेकर रविवार को थाना कौड़िया परिसर में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों से त्यौहार को भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण मनाने की अपील किया।

बैठक की अध्यक्षता प्रभारी थानाध्यक्ष कौड़िया अजय कुमार पांडेय ने करते हुए उपस्थित लोगों से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा करते हुए किसी भी समस्या को तुरंत पुलिस को सूचित करें। महामारी के चलते सभी लोग घर पर ही नमाज पढ़े और कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करें। खुद बीमारी से बचें और दूसरों को भी बचाएं। इसी प्रकार श्रावण मास एवं कजरी तीज पर लोगों से कांवड़ यात्रा न निकालने तथा घर पर ही पूजा-पाठ करने के लिए अपील की। इसमें चौकी प्रभारी दुबहा बाजार बृजेश कुमार, उपनिरीक्षक अखिलेश, हेड कांस्टेबल गजानन पाठक, राजदेव यादव, आदित्य राय, संतोष शर्मा, अभय, ओमकार शुक्ल, ग्राम प्रधान कृष्ण कुमार मिश्र, आनन्द मोहन मिश्र, शिवाकर शुक्ल, विवेक शुक्ल, पूर्व प्रधान अब्बुल हसन, कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, मो. आसिफ, मेराज खान, अब्दुल हसन, अफजल खान, आजम खान, शाकिर, विपुल शुक्ला, सुनील कुमार कुरील, जगदम्बा प्रसाद, अनिल कुमार शुक्ला, कालिका प्रसाद, देशराज सिंह, शकील अहमद, छोटू अंसारी व शमशाद मौजूद रहे।

# आईजी ने विवेचनाओं की समीक्षा की

गोंडा। देवीपाटन मंडल के आईजी डॉ. राकेश सिंह ने रविवार को कैंप कार्यालय में राजपत्रित अधिकारियों के संग लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की। आईजी ने अधिकारियों का आने वाले श्रावण मास समेत ईद-उल-अजहा को सकुशल निपटाने के निर्देश दिए। आईजी डॉ. राकेश सिंह ने कैम्प कार्यालय पर अधिकारियों संग समीक्षा के दौरान उनके सर्किल में अब तक लंबित विवेचाओं की जानकारी ली। इसके बाद विवेचनाओं के लंबित रहने का कारण पूछा तो किसी ने बताया कि अभी सभी गवाहों के बयान नहीं हो पाए हैं तो किसी ने बताया कि मुकदमे से जुड़े लोगों के समय पर न मिलने के कारण विवेचनाएं पूरी नहीं हो सकी हैं। (संवाद)

CS Scanned with CamScanner

# सोशल मीडिया पर असलहे का प्रदर्शन करने वाला धरा गया

**करनैलगंज(गोंडा)।** सोशल मीडिया पर तमंचा लहराकर दहशत फैलाने की कोशिश करना भारी पड़ गया। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 315 बोर का तमंचा व एक कारतूस बरामद किया है। पुलिस उपाधीक्षक करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय ने बताया कि कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर थाना करनैलगंज क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा अवैध असलहे का प्रदर्शन करने का फोटो वायरल हुआ था। इस फोटो के वायरल होने पर मामले का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने तत्काल प्रभारी निरीक्षक करनैलगंज को कार्यवाही कर अभियुक्त की अतिशीघ्र गिरफ्तारी करने व उस अवैध असलहा को बरामद करने के लिये कड़े निर्देश दिये थे। थाना करनैलगंज पुलिस व नवागत कोतवाल प्रदीप कुमार सिंह ने अवैध असलहा का प्रदर्शन करने वाले अभियुक्त कोमल सिंह उर्फ सम्राट निवासी ग्राम खजुहा देवी तिलमहा को हुजुरपुर मोड के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस बरामद किया गया। उक्त अभियुक्त ने लोगों के बीच में रौब जमाने के उद्देश्य से अवैध असलहे का प्रदर्शन किया था। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

## छात्रा 12 किलोमीटर पैदल दूरी तय करके एमएलके पीजी कॉलेज में पढ़ने आती थी

# प्रभारी निरीक्षक ने छात्रा के लिए खरीदी साइकिल

**बलरामपुर | संवाददाता**

नगर कोतवाल ने बीए द्वितीय वर्ष की गरीब छात्रा को कॉलेज तक पहुंचने के लिए साइकिल देकर मानवता की मिसाल पेश की है। उन्होंने ललिया थाना क्षेत्र की बालिका को स्कूल आने-जाने के लिए उपहार स्वरूप साइकिल दिया है। उन्होंने बालिका को अपना विजिटिंग कार्ड देकर कोई भी समस्या आने पर संपर्क करने की बात कही है। साइकिल पाकर बालिका की खुशी का ठिकाना न रहा। इस कार्य के लिए बालिका, उसके माता-पिता सहित स्थानीय लोगों ने प्रभारी निरीक्षक का आभार व्यक्त किया है।



नगर कोतवाली में छात्रा को साइकिल देते प्रभारी निरीक्षक व अन्य। ● हिन्दुस्तान

प्रभारी निरीक्षक मानवेन्द्र पाठक ने बताया कि थाना ललिया क्षेत्र निवासिनी 19 वर्षीय बालिका प्रतिदिन अपने गांव से एमएलके पीजी कॉलेज पढ़ने के लिए पैदल आती-जाती थी। गांव से कॉलेज की दूरी करीब 12 किलोमीटर है। बालिका ने पूछने पर बताया कि घर की आर्थिक स्थिति सही नहीं है। माता-पिता किसी तरह पढ़ाई का खर्च उठाते हैं। प्राइवेट टैक्सी चालक ललिया से बलरामपुर का 20 रुपए किराया लेते हैं। परिजन वाहन शुल्क का बोझ नहीं उठा सकते, वे आवागमन के लिए साइकिल नहीं खरीद सकते। फिर भी वह पढ़ना चाहती हैं, इसलिए प्रतिदिन लंबी दूरी तय करके कॉलेज जाती है।

# कोविड प्रोटोकाल तोड़ने पर जुर्माना

**बलरामपुर :** कोविड-19 गाइडलाइन का पालन न करने वाले 44 लोगों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि बिना मास्क घूमने व शारीरिक दूरी का अनुपालन न करने वालों पर 18,250 रुपये जुर्माना किया गया है। (संसू)

# छात्रा को पुलिस ने दी साइकिल

**संसू, बलरामपुर :** ललिया क्षेत्र की एक छात्रा 15 किमी दूर महारानी लाल कुंवरि (एमएलके) कालेज में पैदल पढ़ने आती थी। गरीब छात्रा ने आपबीती सुनाई, तो नगर कोतवाल ने मित्र पुलिस की मिसाल पेश करते हुए उसे नई साइकिल भेंट की। पुलिस की खूब सराहना की जा रही है।

एसपी हेमंत कुटियाल ने बताया कि एमएलके पीजी कालेज में परीक्षाएं चल रहीं हैं। ललिया की एक छात्रा पैदल परीक्षा देने आ रही है। नगर कोतवाल मानवेंद्र पाठक ने उससे कारण पूछा तो उसने बताया कि माता-पिता गरीब हैं। साइकिल खरीदने में असमर्थ हैं। इससे प्रभारी निरीक्षक का हृदय द्रवित हो गया। उन्होंने कोतवाली में तैनात अधिकारियों व कर्मियों की मदद से छात्रा को नई साइकिल खरीदकर भेंट की।

# कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**बलरामपुर :** गैंसड़ी कोतवाली की पुलिस ने हलौरा जरवा निवासी कमलेश कुमार उर्फ श्रीधर को 10 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार किया। टीम में उपनिरीक्षक आशीष कुमार सिंह कांस्टेबल अजय और राजय शामिल रहे। (संसू)

# वैक्सीन के नाम पर न साझा करें आधार नंबर

**संसू, बलरामपुर :** कोरोना वैक्सीनेशन की आड़ में साइबर अपराधियों ने जालसाजी का नया तरीका इजाद किया है। वैक्सीन के लिए रजिस्ट्रेशन के नाम पर लोगों का आधार नंबर व ओटीपी पूछा जा रहा है। डीएम श्रुति व पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने फोन पर किसी से भी आधार नंबर साझा न करने की अपील की है।

एसपी ने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए कोविन पोर्टल पर आनलाइन पंजीकरण करना होता है। इसमें आधार नंबर व ओटीपी दर्ज करना होता है। इसका फायदा उठाते हुए साइबर अपराधी भोलेभाले लोगों को गुमराह कर सकते हैं। अज्ञात फोन आने पर आधार नंबर व ओटीपी की जानकारी लेने वाले मिनटों में बैंक खाता खाली कर सकते हैं। इसके लिए सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। अस्पताल कर्मियों

# अवैध कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बलरामपुर।** गैसड़ी कोतवाली की पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। एसआई आशीष कुमार सिंह की टीम ने कोतवाली जरवा के हल्लौरा निवासी कमलेश कुमार उर्फ श्रीधर को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय रवाना कर दिया गया है। संवाद

# 15 हजार के दो इनामी गिरफ्तार

**बलरामपुर।** रेहरा बाजार थाने की पुलिस ने 15-15 हजार इनामी दो अभियुक्तों को धर दबोचा है। प्रभारी निरीक्षक थाना महराजगंज तराई प्रमोद कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि मसीहाबाद ग्रंट निवासी अब्दुल कुद्दूस व हामिद उर्फ अब्दुल रहीम को गिरफ्तार किया गया है जिनके ऊपर पुलिस अधीक्षक ने 15-15 हजार रुपये का पुरस्कार घोषित किया था। दोनों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है। संवाद

# 44 लोगों से वसूला गया जुर्माना

**बलरामपुर।** जिले के सभी कोतवाली व थानों में तैनात महिला पुलिस कर्मियों ने विशेष चेकिंग अभियान चलाया। टोली बनाकर कोतवाली व थाना क्षेत्र में पड़ने वाले चौराहों और प्रमुख मार्गो पर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। यातायात नियमों के उल्लंघन में 45 वाहनों का चालान किया गया जिसमें 22300 रुपये राजस्व की वसूली की गई। कोरोना प्रोटोकाल का उल्लंघन करने वाले 44 लोगों पर 18250 रुपये का जुर्माना वसूला गया। संवाद

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

पीड़िता को ब्लैकमेल करने की हो रही थी कोशिश

# युवती का आपत्तिजनक वीडियो वायरल किया

दुस्साहस

- पीड़िता के परिजनों ने छह युवकों पर दर्ज कराया केस
- सभी आरोपी गिरफ्तार, लैपटॉप व छह मोबाइल बरामद

बहराइच | संवाददाता

एक युवती की जानकारी के बगैर युवक ने उसके आपत्तिजनक वीडियो तैयार कर लिए। यह वीडियो युवक ने अपने दोस्तों में शेयर कर दिया। उसके बाद पीड़िता को ब्लैकमेल करने की कोशिश शुरू हुई। इसकी भनक लगने पर पीड़िता ने थाने में केस दर्ज कराया। पुलिस ने सोमवार को भाग रहे छह युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा गया है।

हुजूरपुर थाने के एक गांव निवासी युवती से लखवापुर बहराइच के एक युवक से सम्पर्क हो गया। इस युवती की गैर जानकारी में इस युवक ने उसके आपत्तिजनक वीडियो बना लिए। यह वीडियो युवक के दोस्तों तक पहुंचे। युवती को वीडियो वायरल करने को धमकाकर ब्लैकमेल की कोशिश में छेड़छाड़ शुरू हुई। इस दौरान एक वीडियो वायरल भी किया गया। युवती ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। पीड़ित परिजनों ने तत्काल हुजूरपुर एसएचओ से सम्पर्क साधा। कुछ दिन पूर्व इस मामले में छेड़छाड़ व आईटी एक्ट की धाराओं में केस दर्ज हुआ। इसकी भनक लगते ही आरोपी फरार हो गए। पुलिस फरार युवकों की लगातार टोह ले रही थी।



हुजूरपुर थाने में छेड़छाड़ व आईटी एक्ट मामले में गिरफ्तार शोहदे।

एसएचओ निखिल कुमार श्रीवास्तव को सोमवार को गुप्त सूचना मिली कि आरोपियों को कटका बाजार रोड पर देखा गया है। तत्काल दरोगा अहमद हुसैन, सिपाही सुनील कुमार, विनय गौड़, नितिन कुमार, महिला सिपाही दिव्या ने कटका बाजार रोड पर दबिश देकर इस मामले में नामजद लखवापुर बहरइचा निवासी सिराज, शकील उर्फ इजहारूल हक, अरशद, सज्जाद, शैलेन्द्र व कौशलेन्द्र को धर दबोचा। उनके पास से एक लैपटॉप चार्जर सहित व छह मोबाइल बरामद किए गए। पूछताछ के बाद आरोपियों को जेल भेजा गया है।

# नल खोल कर भाग रहे चोर को पकड़ा

बहराइच | **संवाददाता**

एक युवक रविवार की रात एक घर में घुसकर दो नलों को खोलकर भाग रहा था। खटपट की आवाज पर जागे लोगों ने युवक को नलों के साथ पकड़कर उसकी जमकर धुनाई की। थाने में सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।

जरवल थाने के रूदायन में रविवार की रात लगभग साढ़े तीन बजे अजय कुमार के घर में खटपट की आवाज होने पर लोग जाग गए। उन्होंने एक युवक को कन्धों पर दो नल लादकर ले जाते देखा, तो घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। शोर होने पर काफी संख्या में लोग वहां पहुंच गए। उसकी जमकर धुनाई की गई। थाने पर सूचना मिलते ही दरोगा कैलाश नाथ, सिपाही विजय कुमार पहुंच गए। युवक को चोरी किए गए नल सहित पुलिस को सौंप दिया। युवक को थाने में लाया गया। पूछताछ में उसकी पहचान इसी थाने के उपधी के मजरे सुरजना गांव निवासी ननकू के रूप में हुई। अजय की तहरीर पर आरोपी पर चोरी व बरामदगी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।



जरवलरोड थाने में चोरी के नलों के साथ पकड़ा गया चोर

## पिटाई

- पुलिस को बुलाकर चोर को सौंपा, पूछताछ की
- चोरी व बरामदगी मामले का दर्ज हुआ मुकदमा

# छेड़छाड़ का आरोपित बंदी

**बौंडी :** एक गांव में रविवार की शाम 14 वर्षीय किशोरी से पड़ोस के ही दो मनचलों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर किशोरी को मारापीटा। एसओ मनोज कुमार राय ने बताया कि बौंडी गांव के बुद्धीलाल व सुरेश के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ व पास्को एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया। एसआइ विजय कुमार, अब्दुल सत्तार, बैजनाथ यादव ने आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। (संसू)

# भू-माफिया पर पुलिस की कार्रवाई, 17 लोगों पर मुकदमा

**संसू, बहराइच :** पुलिस ने भू-माफिया के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने वक्फ बोर्ड की जमीन को जालसाजी कर कब्जा करने वाले 17 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह के निर्देश पर थाना नगर अंतर्गत भू-माफिया पर नकेल कसने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत सोमवार को छोटी तकिया निवासी सैयद अरशद जमाल उर्फ रूमी मियां की तहरीर पर तिकोनी बाग पुलिस चौकी के सामने मौजा बहराइच खास में वक्फ बोर्ड की जमीन पर कूटरचित अभिलेखों के आधार कब्जा कर पर भवन निर्माण किए जाने पर मुकदमा दर्ज किया गया। प्रभारी निरीक्षक मधूपनाथ मिश्र ने नाजिरपुरा निवासी सलीम सिद्दीकी, जमील अहमद, अबुल हसन, जाहिद हसन, नुसरत अली, दिलशाद अली, कमर आलम, सुएबा, शाहजहां, साहबे आलम, खुर्शीद आलम, शकील अहमद, अजीम अहमद, शमीम अहमद, नसीम अहमद, नजीम अहमद व अन्नू बेगम के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी है।

जिले की महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

********

# सीओ ने देखी पुलिस के रात्रि गश्त की हकीकत

**संसू, बौंडी (बहराइच):** क्षेत्राधिकारी महसी जेपी त्रिपाठी ने रविवार की रात बौंडी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में पुलिस की रात्रि गश्त व विभिन्न बैंकों पर पुलिस ड्यूटी की हकीकत देखी। पुलिसकर्मियों को कर्तव्यनिष्ठा के साथ ड्यूटी करने का निर्देश दिया।

रात करीब 11 बजे सीओ बौंडी कस्बा स्थित इंडियन बैंक पहुंचे। यहां बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर मुस्तैद पीआरडी अंबरीश कुमार व होमगार्ड को मनोयोग से सुरक्षा ड्यूटी करने को कहा। सीओ ने एसओ मनोज कुमार राय को निर्देशित किया कि पूरी सतर्कता के साथ पुलिसकर्मी रात्रि गश्त करें। संदिग्धों पर नजर रखें व उनसे पूछताछ करें।




# 750 ग्राम चरस के साथ आरोपित गिरफ्तार

**कैसरगंज :** पुलिस ने 750 ग्राम चरस के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह को सूचना मिली कि ग्राम गोड़हिया में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में खड़ा है। इस पर उपनिरीक्षक मनोज कुमार सिंह को मौके पर भेजा गया। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा। दौड़ा कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम फरमान निवासी ग्राम बिराहिमपुर बिल्हौरा बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया।

# चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच।** कैसरगंज कोतवाल हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर एसआई मनोज कुमार सिंह को ग्राम गोड़निया के पास भेजा गया। इसी दौरान बिराहिमपुरवा बिल्हौरा गांव निवासी फरमान को रोककर तलाशी ली गई तो उसके पास से 750 ग्राम चरस बरामद हुई। तस्कर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। संवाद

# युवती के फोटो वायरल, छह दबोचे

## काफी दिनों से मिलने के लिए दबाव बना रहे थे आरोपी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** सोशल मीडिया पर युवती के अश्लील फोटो वायरल करने वाले आरोपियों को पुलिस ने दबोच लिया। आरोपी युवती से ब्लैकमेल कर मिलने का दबाव बना रहे थे। युवती की शिकायत पर पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

हुजूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने थाने में शिकायत की थी कि कुछ युवकों ने किसी तरह से उसकी अश्लील फोटो ले ली थीं। अब फोटो वायरल करने की धमकी देकर मिलने का दबाव बना रहे हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। आरोप है कि जब युवती नहीं मिली तो युवकों ने अश्लील फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। हुजूरपुर थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सिराज, शकील उर्फ इजहारूल, अरशद, सज्जाद, शैलेंद्र व कौशलेंद्र को कटका बाजार से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



पुलिस की गिरफ्त में अश्लील फोटो वायरल करने वाले। -संवाद

## संदिग्ध हालात में लटकता मिला एएनएम का शव

**हुजूरपुर (बहराइच)।** सीएचसी जरवल में तैनात एएनएम की संदिग्ध परिस्थितियों की मौत हो गई। एएनएम का शव कमरे में पंखे से लटकता हुआ पाया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। राजधानी लखनऊ के ऐशबाग थाना क्षेत्र निवासी 35 वर्षीय सरिता वर्मा जिले में हुजूरपुर के आंबा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम के पद पर तैनात थीं। सोमवार की सुबह काफी देर तक जब वह कमरे से बाहर नहीं निकलीं तो आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंखे से लटके शव को कब्जे में लेकर सूचना परिजनों को दी। हुजूरपुर थानाध्यक्ष निखिल श्रीवास्तव ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रथम दृष्ट्या जांच में पाया गया है कि वह अपने पति से अलग रह रही थी। परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 20-07-2021

# दहेज हत्या का वांछित अभियुक्तगिरफ्तार




सतीश पाण्डेय ब्यूरो चीफ श्रावस्ती श्रावस्ती।एसपी अरविन्द कुमार मौर्य द्वारा जनपद मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे,अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बी0सी0 दुबे व क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र पाल शर्मा के कुशल निर्देशन मे थानाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय थाना गिलौला मय पुलिस टीम द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 89ध्21 ६ ।ारा 498 ।,304ठ आईपीसी 3ध्4 डीपी एक्ट से संबंधित अभियुक्त मुकद्दर अली पुत्र मुस्तकीम निवासी कटार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती को गिलौला से लक्ष्मननगर मार्ग पर स्थित चेतियामुरार चौराहा से गिरफ्तार कर किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पताःमुकद्दर अली पुत्र मुस्तकीम निवासी कटार थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती,गिरफ्तारी टीम थानाध्यक्ष श्री अखिलेश पाण्डेय थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती,मुख्य आरक्षी रमेश चंद्र गुप्ता थाना गिलौला जनपद श्रावस्ती,आरक्षी जुबेर अहमद थाना गिलौला जनपद श्रवास्ती

# नहीं निकलेगी कांवड़ यात्रा, शांति से मनाएं बकरीद

**पीस कमेटी बैठक**

इकौना | संवाददाता

ईद-उल-अजहा व कांवड़ यात्रा को लेकर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने थाना परिसर इकौना में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की। इसमें कांवड़ यात्रा न निकालने और शांतिपूर्वक बकरीद का त्योहार मनाने पर जोर दिया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए उप जिलाधिकारी आरपी चौधरी ने कहा कि धार्मिक त्योहारों को शांति व सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाएं। कोविंड-19 महामारी का खतरा अब भी बना हुआ है। इसलिए कोविड की गाइडलाइन का पालन जरूर करें। उन्होंने कहा कि मस्जिदों व ईदगाह में पांच से अधिक लोग नमाज नहीं पढ़ेंगे और न ही कोई बिना अनुमति के प्रतिबंधित जानवरों की कुर्बानी देंगे। एसडीएम ने कहा कि सभी लोग पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी घरों में नमाज पढ़ेंगे और कुर्बानी भी घरो में की जाएगी।



सोमवार को इकौना थाने में पीस कमेटी की बैठक में मौजूद एसडीएम व सीओ। ● हिन्दुस्तान

सावन माह में कांवड़ यात्रा किसी जगह से नहीं निकाली जायेगी। क्षेत्राधिकारी इकौना महेंद्र कुमार शर्मा ने कहा ईद उल अजहा शांतिपूर्ण तरीके से आपस में मिलकर सौहादर्यपूर्ण ढंग से मनाएंगे। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के साथ सख्ती के साथ कार्रवाई की जायेगी। प्रभारी निरीक्षक कमलाकांत त्रिपाठी ने धार्मिक गुरुओं व सम्मानित लोगों से त्योहारों को शांति पूर्ण तरीके से मनाये जाने की अपील की। इस मौके पर उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिह, रामशेखर मिश्र, शिवकुमार शर्मा, पंकज गुप्ता, अमित सिंह, संजय चौरसिया, साहिल, हाफिज अतीक अहमद, पूर्व चेयरमैन महमूद आलम नईमी, कन्हैया कसौधन, घनश्याम मौर्या, विष्णु कुमार, विजय कुमार आदि मौजूद रहे।

**गिरंट में हुई बैठकः** मल्हीपुर के पुलिस चौकी हरदत्त नगर गिरंट में शनिवार को बकरीद त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई। अध्यक्षता चौकी इंचार्ज गिरंट विक्रमादित्य ने की। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति सामूहिक कुर्बानी नहीं होगी। जो भी नियम का पालन नहीं करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जनता की समस्याओं का हर हाल में पांच दिनों में करना होगा निस्तारण

# एडीजी जोन व आईजी रेंज को दो थानों का करना होगा निरीक्षण

**थाना दिवस**

- ●दूसरे व चौथे शनिवार को आयोजित होंगे थाना दिवस
- ● एसपी-एएसपी थानों पर आधे समय तक मौजूद रहेंगे

राज्य मुख्यालय | प्रमुख संवाददाता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के गृह विभाग ने थाना दिवस की गंभीरता से समीक्षा और निगरानी करने का फैसला किया है। इस संबंध में सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश जारी कर कहा गया है कि हर महीने के दूसरे और चौथे शनिवार को होने वाले थाना दिवस पर एडीजी जोन और आईजी या डीआईजी रेंज को कम से कम दो थानों का दौरा करना जरूरी होगा। यह पूरी कार्रवाई कोविड प्रोटोकॉल के तहत की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने 13 जुलाई को निर्देश दिए थे कि हर महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को थाना दिवस आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने थाना दिवस पर प्राप्त होने वाली जन सामान्य की समस्याओं का हर हाल में पांच दिनों के अंदर निस्तारण करने का निर्देश भी दिया था। अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने सोमवार को इस संबंध में प्रदेश के चारों पुलिस आयुक्तों तथा सभी जिलाधिकारियों व पुलिस कप्तानों दिशा-निर्देश जारी किया।

इसमें कहा गया है कि जिले स्तर पर थाना दिवस की समीक्षा के लिए अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। नोडल अधिकारी द्वारा थाना दिवस में समस्याओं के निस्तारण की सूचना सभी जनसामान्य को दिए जाने की व्यवस्था भी जाएगी। निर्देशों में कहा गया है कि थाना दिवस ऐसी खुली जगहों पर आयोजित किया जाएं, जहां सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए आवेदकों की बैठने की पर्याप्त व्यवस्था हो।

थाना दिवस के आयोजन के पूर्व सेनेटाइजेशन का अवश्य किया जाए। साथ ही प्रत्येक व्यक्ति की थर्मल स्क्रीनिंग की जाए। किसी भी अधिकारी, कर्मचारी एवं आवेदक में कोविड-19 के संक्रमण का लक्षण पाए जाने पर संबंधित जिले के सीएमओ को सूचित कर आगे की कार्रवाई की जाए। थाना दिवस पर आने वाले व्यक्तियों के लिए कोविड प्रोटोकॉल यथा दो गज दूरी, मास्क की अनिवार्यता तथा स्थल पर सेनेटाइजर व हाथ धोने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कराई जाए। हेल्प डेस्क स्थापित कर यह भी बताया जाए कि मास्क का उपयोग न किए जाने पर दंड का प्रावधान है।

### थाना दिवस के आयोजन पर निगाह रखें

अपर मुख्य सचिव गृह ने कहा है कि सभी जोनल एडीजी तथा आईजी-डीआईजी रेंज थाना दिवस के दिन स्वयं अपने क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के कम से कम दो-दो थानों का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करेंगे कि थाना दिवस का आयोजन निर्देशानुसार किया जा रहा है। इसी तरह सभी एसएसपी/एसपी एवं एएसपी से कहा गया है कि वे अपने-अपने जिले के किन्हीं दो-दो थानों पर आधा-आधा समय के लिए उपस्थित रहेंगे।

क्षेत्राधिकारी (सीओ) अपने क्षेत्र के किसी एक थाने पर पूरे समय तक उपस्थित रहेंगे।

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गुरुवार को गिलौला के कटार निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई थी। मृतका के पिता की तहरीर पर मृतका के सास व ससुर तथा पति के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था। शनिवार को आरोपी सास व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। सोमवार को गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय ने टीम के साथ आरोपी पति मुकद्दर अली को चेतियामुरार चौराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 56 पर हुई कोविड उल्लंघन की कार्रवाई

**श्रावस्ती।** जिले में कोरोना वायरस को नियंत्रित करने के लिए लोगों से कोविड गाइडलाइन का पालन करने की अपील की जा रही है। रविवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में मास्क चेकिंग अभियान चलाया गया। लोगों को रोका और मास्क की चेकिंग की। इसमें 56 लोगों को बिना मास्क के पकड़ा गया। जिनका चालान काटकर सात हजार 500 रुपये जुर्माना वसूला गया।

## नियम उल्लंघन पर 12 वाहनों का काटा चालान

**श्रावस्ती।** यातायात सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर चेकिंग लगाकर अभिलेखों की जांच की। इसमें पुलिस की ओर से कुल 97 वाहनों को रोक कर वाहन के कागजात, हेलमेट, तीन सवारी, शीटबेल्ट आदि को चेक किया गया। इस दौरान 12 वाहनों को यातायात नियम का उल्लंघन करते पाया गया। नियमों का उल्लंघन करते पकड़े गए सभी वाहनों का चालान किया गया। चालान किये गए वाहन के स्वामियों पर 32 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया थानाध्यक्ष राजेन्द्र कनौजिया टीम के साथ क्षेत्र में सोमवार को गश्त कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर टीम ने नथुनिया मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ती की तलाशी ली। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब मिली। शराब जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान मिश्रीलाल पुत्र रामदुलारे निवासी पसियन पुरवा के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध पुलिस की ओर से धारा 60 आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के साथ मुख्य आरक्षी इरशाद अहमद, आरक्षी बलिराम विश्वकर्मा व राकेश पासवन शामिल रहे।

# नशीली दवा के साथ एक गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह व उनकी टीम ने सोमवार को मुखबिर की सूचना पर लेहारबाबा पुलिया के पास से एक व्यक्ति को मादक वस्तु के साथ गिरफ्तार किया। उसके पास से 60 नशीली गोलियां मिलीं। आरोपी की पहचान मंजूर निवासी अलीनगर थाना मल्हीपुर के रूप में हुई। आरोपी पर एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज हुआ है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**संसू श्रावस्ती :** सिरिसया थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कनौजिया ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान नथुनिया मोड़ के पास मसहाकला निवासी मिश्रीलाल को रोका।

जामा तलाशी में उनके पास से पिपिया में 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई। आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# घर में घुस युवक ने की विवाहिता से छेड़छाड़ ग्रामीणों ने दबोचा

**संसू, जमुनहा (श्रावस्ती)**: जिले के एक गांव में युवक ने घर में घुसकर विवाहिता से साथ छेड़छाड़ किया। शोर मचाने पर आरोपित भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे दबोच लिया। पीड़िता ने सोनवा थाने में तहरीर दी है। मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रविवार की रात भोजन के बाद विवाहिता अपने घर में अकेली सो रही थी। इस दौरान गांव के ही रविंद्र उसके घर में घुस गया और महिला के साथ छेड़छाड़ करने लगा। नींद खुलने पर उसने शोर मचाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों को आता देख आरोपित भागने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया। पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता ने घटना के संबंध में थाने पर तहरीर दी है। थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नशीली दवा के साथ गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** मल्हीपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र भ्रमण पर थे। इस दौरान मुखबिर की सूचना पर अलीनगर निवासी मंजूर 60 गोली नशीली टैबलेट अल्प्राजोलम के साथ लेहार बाबा पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया। मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। (संसू)

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती** : गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। इसी दौरान लक्ष्मननगर मार्ग पर चेतियामुरार चौराहे के पास दहेज हत्या के मामले में फरार चल रहे कटान निवासी आरोपित मुकद्दर अली को टीम ने दबोच लिया। पूछताछ के बाद जेल भेजा गया है। (संसू)

# 60 नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी टीम के साथ रविवार रात क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान टीम ने मुखबिर की सुचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान युवक के पास से पुलिस ने नशे की 60 गोली बरामद की। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।

रविवार रात प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर दद्दन सिंह उप निरीक्षक केशवराम मौर्य व आरक्षियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि लोहर बाबा पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने रामपुर जब्दी के निकट लेहार बाबा पुलिया के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 06 पत्ता कुल 60 नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान अलीनगर निवासी मंजूर के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)

# दो-दो थानों का निरीक्षण करें एडीजी जोन : अवस्थी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** शासन ने थाना दिवस/समाधान दिवस पर आने वाली शिकायतों में हो रही कार्रवाई की मानीटरिंग के कड़े निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव, गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने इसके लिए एडीजी जोन से लेकर आइजी व डीआइजी रेंज तथा जिले के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है।

अपर मुख्य सचिव, गृह का कहना है कि हर माह के दूसरे व चौथे शनिवार को थाना दिवस/समाधान दिवस का आयोजन कोविड प्रोटोकाल के तहत होगा। थाना दिवस पर आने वाली शिकायतों का निस्तारण पांच दिन में कराने का निर्देश दिया गया है। जिला स्तर पर थाना दिवस की समीक्षा के लिए नामित एएसपी नोडल अधिकारी होंगे, जो थाना दिवस की समस्याओं के निस्तारण की सूचना भी पीड़ितों को दिए जाने की व्यवस्था करेंगे। सभी एडीजी जोन, आइजी/डीआइजी रेंज थाना दिवस के दिन खुद भ्रमणशील रहेंगे और शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के कम से कम दो-दो थानों का निरीक्षण करेंगे। इसके अलावा एसएसपी व एसपी अपने-अपने जिले के किन्हीं दो-दो थानों पर आधा-आधा समय उपस्थित रहेंगे तथा सीओ अपने क्षेत्र की किसी एक तहसील/थाने पर पूरा समय उपस्थित रहेंगे।

## शांति भंग में छह गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 97 वाहनों की जांच कर 12 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 32,000 रुपये शमन शुल्क वसूल किया। वहीं रविवार शाम पुलिस ने बिना मास्क के टहल रहे 56 लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 7500 रुपये जुर्माना वसूल किया। (संवाद)

## जनता दर्शन में एएसपी ने सुनीं समस्याएं

**श्रावस्ती।** पुलिस कार्यालय में मंगलवार जनता दर्शन के दौरान करीब दस लोग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य से मिलने पहुंचे। इस दौरान लोगों ने अपनी विभिन्न प्रकार की समस्याएं बताईं। इस पर एसपी ने सभी संबंधित थाना व चौकी प्रभारियों को फोन से जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने तथा फरियादियों की बातों को गंभीरता से सुनने का निर्देश दिया। (संवाद)



## दहेज हत्या का वांछित दबोचा

**श्रावस्ती।** गिलोला पुलिस ने रविवार रात क्षेत्र भ्रमण के दौरान दहेज हत्या में वांक्षित मुकद्दर अली को चेतियामुरार चौराहा के पास से गिरफ्तार किया। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। (संवाद)

# पुलिस ने गश्त कर जागरूक किया


**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को एएसपी बीसी दुबे ने टीम के साथ गश्त कर लोगों को जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने विभिन्न बाजारों में गश्त कर कानून व्यवस्था व कोरोना वायरस से सुरक्षा एवं बचाव के दृष्टिगत व्यापारियों व आमजन से वार्तालाप कर जागरूक किया। वहीं सीमा क्षेत्र में पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ पैदल गश्त की। वहीं क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसला प्रसाद व इकौना एमपी शर्मा के नेतृत्व में थाना व चौकी प्रभारियों ने पैदल गश्त की। (संवाद)

# 60 नशीली गोलियों के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** मल्हीपुर थाना प्रभारी टीम के साथ रविवार रात क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान टीम ने मुखबिर की सुचना पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान युवक के पास से पुलिस ने नशे की 60 गोली बरामद की। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है।

रविवार रात प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर दद्दन सिंह उप निरीक्षक केशवराम मौर्य व आरक्षियों के साथ क्षेत्र में भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि लोहर बाबा पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति मौजूद है। मुखबिर की सूचना पर टीम ने रामपुर जब्दी के निकट लेहार बाबा पुलिया के पास से एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसकी तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 06 पत्ता कुल 60 नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान अलीनगर निवासी मंजूर के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध मल्हीपुर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की है। (संवाद)

# पुलिस ने जांची बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था




भिनगा में बैंकों की जांच करती पुलिस। -संवाद

**श्रावस्ती।** एएसपी बीसी दुबे के नेतृत्व में इकौना पुलिस ने इकौना नगर सहित कोतवाली क्षेत्र के बैंकों की सुरक्षा जांची। वहीं सीओ नगर हौसला प्रसाद के नेतृत्व में सिरसिया पुलिस ने बैंक सुरक्षा की जांच की। साथ ही वहां लगे सीसीटीवी, सायरन सहित वाहनों की जांच की।

इस दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा बैंक में मौजूद लोगों को लेन देने के दौरान बरती जाने वाली सावधानी के प्रति जागरूक किया। साथ ही बैंकों में मौजूद लोगों को अनिवार्य रूप से मास्क लगाने, सामाजिक दूरी का पालन करने व बिना जरूरत घर से बाहर न निकलने की सलाह भी दी। वहीं नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई करने व उनसे जुर्माना वसूल करने की सख्त चेतावनी दी। इस दौरान गिलौला, मल्हीपुर, सोनवा व भिनगा कोतवाली पुलिस ने थाना क्षेत्र के बैंकों में जाकर लोगों को जागरूक किया। (संवाद)

# कच्ची शराब के साथ युवक धरा

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना प्रभारी राजेंद्र कनौजिया रविवार रात क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान उन्होंने एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से पुलिस ने एक पिपिया में 10 लीटर कच्ची शराब बरामद की। गिरफ्तार युवक की पहचान मसहाकला के मजरा पसिरयनपुरवा निवासी मिश्रीलाल के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम कार्रवाई किया है। (संवाद)